RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 143 • 13:09:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

# पीएम मोदी के सीजेआई घर पहुंचने पर सियासी गलियारों में हलचल

## संजय राउत बोले-संविधान के घर को आग लगी घर के चिराग से

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पीएम नरेन्द्र मोदी देश की उच्चतम न्यायालय के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के घर पर गणपति पूजा समारोह में शामिल हुए। पीएम मोदी ने खुद इसकी जानकारी सोशल साइट एक्स पर दी है। इस दौरान पीएम मोदी चंद्रचूड़ और उनकी पत्नी के साथ भगवान गणेश की आरती करते और पूजा करते नजर आ रहे हैं। पीएम ने पूजा करते हुए पारंपरिक महाराष्ट्रियन टोपी पहनी थी। दरअसल, गणेश उत्सव सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में धूमधाम से मनाया जाता है। इसलिए स्वाभाविक है कि पीएम मोदी ने महाराष्ट्रीयन टोपी को वरीयता दी होगी। इस बात को लेकर कुछ लोगों को मिर्ची लग गई। इसको लेकर कुछ लोग पीएम और सीजेआई दोनों के मिलने को भारतीय लोकतंत्र के लिए खतरा बता रहे हैं। पीएम मोदी के घोर विरोधी सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रशांत भूषण ने ट्वीट कर कहा कि न्यायाधीश के आचार संहिता का उल्लंघन उस स्थिति को दर्शाता है जिसमें न्यायाधीश ने अपने कार्यालय की गरिमा के अनुरूप पर्याप्त दूरी बनाए रखने में विफलता दिखाई है। इसका तात्पर्य है कि न्यायाधीश के किसी भी कार्य या चूक ने उसके उच्च पद की गरिमा और सार्वजनिक मान्यता को प्रभावित किया है। मोदी सीजेआई के घर पहुंचे, इसलिए सीजेआई भी अब उनके लिए सम्माननीय रहे। मतलब साफ है कि उन्हें विरोध के लिए विरोध करना ही है। प्रशांत भूषण अन्ना आंदोलन में अरविंद केजरीवाल के साथ थे। बाद में अरविंद केजरीवाल ने उनसे छुटकारा पा लिया था। न्यायपालिका के खिलाफ एक बार प्रशांत के दो ट्वीट को लेकर न्यायालय ने उन्हें अवमानना का दोषी ठहराया था। बाद में प्रशांत भूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने एक रुपए का आर्थिक जुर्माना लगाया था। वहीं शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के नेता संजय राउत भी मोदी के चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ से घर पहुंच कर मुलाकात करने से नाराज हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस में 29 पदक जीतने वाले पैरा-एथलीटों से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली में अपने आवास पर पेरिस पैरालंपिक-2024 में ऐतिहासिक 29 पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित करने वाले पैरा-एथलीटों से मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने पैरा-एथलीटों से बातचीत की और पेरिस में उनकी सफलता की कहानियां सुनी। उल्लेखनीय है कि भारत ने ऐतिहासिक पैरालंपिक अभियान में 29 पदक (7 स्वर्ण, 9 रजत, 13 कांस्य) जीते, जो 2021 में टोक्यो में जीते गए 19 पदकों के अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बेहतर है। पेरिस में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली निशानेबाज अवनी लेखरा ने प्रधानमंत्री मोदी को एक हस्ताक्षरित टी-शर्ट भेंट की। प्रधानमंत्री को भेंट की गई टी-शर्ट के पीछे लिखा था, "आपके समर्थन के लिए धन्यवाद सर।" प्रधानमंत्री मोदी ने पदक विजेता के पदक पर हस्ताक्षर भी किये। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद तीरंदाजी में पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर सिंह ने कहा, "मैंने प्रधानमंत्री मोदी को अपना तीर उपहार में दिया, जिसका इस्तेमाल पैरालंपिक में किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने हमें बहुत प्रेरित किया और उन्होंने हमारी टीम को बधाई दी। वहीं महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता मोना अग्रवाल ने कहा, " प्रधानमंत्री के साथ हमने कई मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने हमसे व्यक्तिगत रूप से बात की। मैं हमेशा से प्रधानमंत्री मोदी से व्यक्तिगत रूप से मिलना चाहती थी और अब मुझे यह अवसर मिला है।

## राजनाथ ने विदेशी मित्र देशों से किया भारत की एयरोस्पेस इंडस्ट्री ठीक से देखने का आह्वान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- राजनाथ सिंह ने जोधपुर में 'तरंग शक्ति' के दौरान भारतीय रक्षा विमानन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया
- भारत दौरे पर आईं वायु सेनाओं को रक्षा विनिर्माण उद्योगों का प्रत्यक्ष अनुभव हासिल करना चाहिए



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोधपुर में चल रहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' में हिस्सा लेने आये विदेशी मित्र देशों से भारत की एयरोस्पेस इंडस्ट्री को ठीक से देखने और अध्ययन करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भारत दौरे पर आईं वायु सेनाओं को भारतीय रक्षा विनिर्माण उद्योगों का प्रत्यक्ष अनुभव हासिल करना चाहिए। कुछ समय पहले तक भारत को हथियार और उपकरण के मामले में सिर्फ आयातक देश के रूप में देखा जाता था लेकिन आज भारत लगभग 90 देशों को हथियार और उपकरण निर्यात करता है। अभ्यास तरंग शक्ति के दौरान भारतीय वायु सेना ने जोधपुर में भारतीय रक्षा विमानन प्रदर्शनी लगाई है, जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को किया। अभ्यास के दूसरे चरण में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, बांग्लादेश, सिंगापुर, यूएई की वायु सेनाएं लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, विशेष ऑपरेशन विमान, मध्य हवा में ईंधन भरने वाले और हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली (अवाक्स) सहित 70-80 विमानों के साथ हिस्सा लेने आईं हैं। इस अभ्यास में अमेरिका अपने एफ-16 और ए-10 विमानों के साथ भाग ले रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो हमारी वायु सेना और हमारे रक्षा क्षेत्र के विकास की स्वर्णिम कहानी कहते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय वायु सेना अपनी स्थापना के समय से ही अपनी शक्ति और शौर्य के लिए जानी जाती रही है। देश को जब-जब भी जरूरत पड़ी, वायु सेना ने डटकर उस परिस्थिति का सामना किया और अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्र का गौरव बढ़ाया। लगभग 60 साल बाद भारत के आकाश में इतना बड़ा सामरिक अभ्यास आयोजित किया गया है। जब इतने बड़े स्तर पर कोई भी अभ्यास होता है, तो इसमें भाग लेने वाले देश एक-दूसरे से काफी कुछ सीखते हैं। साथ ही अलग-अलग कार्य संस्कृति, अलग-अलग हवाई युद्ध का अनुभव और युद्ध लड़ने के सिद्धांत समझने का मौका मिलता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि बदलती तकनीक तेजी से युद्ध का परिदृश्य भी बदल रही है और 'तरंगशक्ति' के माध्यम से आप सभी इस दिशा में मजबूत पंखों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे तेजी से बदल रहे परिदृश्य के साथ आगे बढ़ना आज की जरूरत है। हमारे भारत को आजाद हुए 75 वर्ष से अधिक हो गए हैं। इस ऐतिहासिक घटना पर भारतीय वायु सेना की अब तक की भव्य उपलब्धियां पर जश्न मनाने का अवसर है। दूसरी ओर यह मौका हमारी वायु सेना की अब तक की यात्रा को भी याद करने का अवसर देता है। आज हम न केवल दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था हैं, बल्कि हमारे सशस्त्र बल दुनिया की सबसे ताकतवर सेनाओं में से एक माने जाते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि 1947 में बंटवारे के बाद भारतीय वायु सेना के पास सिर्फ दो प्रकार के विमानों की महज 6 स्क्वाड्रन थी। इसी प्रकार युद्ध के बाकी साजो-सामान भी बड़े पुराने और गिनी-चुनी मात्रा में थे लेकिन आज दुनिया भर के श्रेष्ठ और आधुनिक विमान नई पीढ़ी के हथियारों के साथ वायु सेना ने अपने आप को ट्रांसफॉर्म किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुष मंत्रालय ने विशेष अभियान 3.0 के तहत 1346 लोक शिकायतों का किया समाधान

**नई दिल्ली।** आयुष मंत्रालय ने कार्यस्थल पर साफ-सफाई में सुधार करने एवं इसे बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान 3.0 की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इस राष्ट्रव्यापी पहल की तैयारी के तहत नवंबर, 2023 से अगस्त 2024 तक आयुष मंत्रालय ने लंबित विभिन्न मुद्दों की पहचान कर उनका निपटारा किया। इसमें सांसदों के 33 संदर्भ, 18 संसदीय आश्वासन, 1346 जन शिकायतें, 187 जन शिकायत अपीलें, 765 फाइल प्रबंधन कार्य और 11 स्वच्छता अभियानों को शामिल किया गया। इस पहल का उद्देश्य कार्य स्थल पर कार्य करने के माहौल को बेहतर बनाना और उसके समग्र अनुभव में सुधार करना तथा संदर्भ शिकायतों का प्रभावी तरीके से निस्तारण करना शामिल है। इस अभियान का उद्देश्य मंत्रालय के कार्यालयों में उपयोग में नहीं आने वाली वस्तुओं को हटाने, अव्यवस्था को दूर करने और स्वच्छता बनाए रखने पर जोर देना है। इन पहल का उद्देश्य कार्य स्थल पर बेहतर माहौल बनाने और कर्मचारी उत्पादकता को बढ़ावा देना है। विशेष अभियान-4 के लिए तैयारी कर रहे आयुष मंत्रालय ने स्वच्छ एवं कचरा मुक्त भारत के लक्ष्य को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत अपने सभी अधिकारियों को इस आशय का संकल्प दिलाया है। सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने इस अभियान के दौरान लक्ष्यों के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से इस आशय का आग्रह किया है।

### भाजपा ने राहुल गांधी पर साधा निशाना, कहा-अमेरिका में देश के खिलाफ बोल कर किया देशद्रोह



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के सिख समुदाय पर दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार हमलावर है। भाजपा ने कहा कि राहुल ने अमेरिका में देश के खिलाफ बोल कर देशद्रोह किया है। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय मे आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी का विपक्ष का नेता होने का अहंकार सिर्फ संसद में ही नहीं दिखता, उनकी मूर्खता भी संसद में दिखी। अमेरिका में उन्होंने देश का अपमान किया है। जो निंदनीय है। जिस तरह से उन्होंने अमेरिका में भारत का चित्रण किया है उससे करोड़ों भारतीय आहत हैं। राहुल गांधी ने अमेरिका में देशद्रोह किया है। उन्होंने विदेशी धरती पर जातियों और धर्मों को बांटने की कोशिश की। उन्होंने विदेशी देश में सिखों पर कठोर बयान दिया। यह देशद्रोह है और जब देशद्रोह हो तो 'मूर्खता' जैसे शब्द का इस्तेमाल करना उचित नहीं है। क्योंकि यह सोची समझी रणनीति के तहत बोला गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर गणेश पूजा के लिए जाने पर विपक्षी नेताओं की आलोचना पर संबित पात्रा ने कहा कि विपक्ष के नेता गणेश पूजा पर राजनीति कर रहे हैं। क्या लोकतंत्र के विभिन्न स्तंभों को एक साथ नहीं आना चाहिए?

## यूपी में भेड़िए तो बिहार में तेंदुआ का डर, घरों में कैद हुए लोग

**एजेंसी। पटना**




यूपी के बहराइच में जहां भेड़िये आतंक मचाए हुए हैं और अब तक कई लोगों की जानें भी ले चुके हैं। वहीं अब बिहार के एक गांव में तेंदुए के घुसने से दहशत फैल गई है। पूर्वी चंपारण के संग्रामपुर प्रखंड के गांव में लोग खौफजदा हैं। संग्रामपुर प्रखंड के दरियापुर गांव में एक घर की बालकनी पर तेंदुआ आकर बैठा गया। जैसे ही लोगों की नजर उस पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। गांव के लोगों ने अपने को घरों में कैद कर लिया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची और पगमार्क से तेंदुए की तलाश में जुट गई है। ग्रामीणों के मुताबिक गांव में रहने वाले मोनाफ खान के घर की बालकनी पर तेंदुआ को बैठा देखा। इसके बाद परिवार के लोगों ने खुद को घर में कैद कर लिया। उतरी मधुबनी पंचायत की नुसरत ने बताया कि रात में ग्रामीणों ने एकजुट होकर तेंदुआ को भगाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं भागा। सुबह वह बालकनी से उतरकर चला गया। आशंका है कि गांव की बांसवारी में ही तेंदुआ छिपा हुआ है। गांव की एक महिला ने बताया कि करीब 11 बजे नीरज दुबे के घर के उत्तर में स्थित बांसवारी के पास झाड़ी में तेंदुआ को देखा था। अनहोनी की आशंका से ग्रामीण भयभीत हैं। मुखिया संघ प्रखण्ड अध्यक्ष रवि सिंह ने वन विभाग से जानवर को जल्द पकड़ने की मांग की है। वन विभाग के उप परिसर पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि घास पर पदचिह्न होने से पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

## नौसेना ने आईटीआर रेंज से दागी वर्टिकली लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- भारतीय नौसेना के युद्धपोतों पर तैनाती से पहले कुछ और परीक्षण किए जाएंगे- कम ऊंचाई पर उड़ने वाले दुश्मन के जहाज या मिसाइल को मार गिराने में सक्षम



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय नौसेना के युद्धपोत से गुरुवार को अपराह्न 3:20 बजे ऐसी मिसाइल दागी है, जो दुश्मन के किसी भी हवाई हमले को नेस्तनाबूत कर सकती है। इसकी गति, सटीकता और मारक क्षमता इतनी घातक है कि ये राडार की भी पकड़ नहीं आती। ओडिशा तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से दागी गई वर्टिकल लॉन्च-शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (वीएल-एसआरएसएएम) को फिलहाल कोई नाम नहीं दिया गया है लेकिन इसे बराक-1 की जगह जंगी जहाजों में लगाए जाने की योजना है। भारतीय नौसेना ने परीक्षण के दौरान कम ऊंचाई पर उड़ रहे टारगेट को सतह से हवा में मार करने वाली ताकतवर गाइडेड मिसाइल से मार गिराया। कम ऊंचाई पर उड़ने वाले टारगेट का मतलब राडार को चकमा देकर आ रहा दुश्मन का विमान, ड्रोन, मिसाइल या हेलीकॉप्टर होता है। यानी भारत को अब दुश्मन इस तरीके से भी चकमा नहीं दे सकता, वर्ना भारतीय की यह मिसाइल दुश्मन की धज्जियां उड़ा देगी। यह मिसाइल 154 किलोग्राम वजनी है। इसे डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने मिलकर बनाया है। यह मिसाइल करीब 12.6 फीट लंबी है। इसका व्यास 7.0 इंच है। डीआरडीओ के अनुसार इसमें हाई-एक्सप्लोसिव प्री-फ्रैगमेंटेड वॉरहेड लगाया जाता है। वीएल-एसआरएसएएम मिसाइल की रेंज 25 से 30 किलोमीटर है। यह अधिकतम 12 किलोमीटर की ऊंचाई तक जा सकती है। इसकी गति बराक-1 से दोगुनी है। यह मैक 4.5 यानी 5556.6 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से उड़ती है। इसे किसी भी जंगी जहाज से दागा जा सकता है। इस मिसाइल की तैनाती इसी साल होनी संभावित है। इस मिसाइल की खासियत ये है कि ये 360 डिग्री में घूमकर अपने दुश्मन को खत्म करके ही मानती है। परीक्षण के दौरान डीआरडीओ ने उड़ान मार्ग और वाहन के प्रदर्शन मापदंडों की निगरानी उड़ान डेटा का उपयोग किया। परीक्षण के लिए विभिन्न रेंज उपकरणों राडार, ईओटीएस और टेलीमेट्री सिस्टम को आईटीआर, चांदीपुर ने तैनात किया गया था।

## संघ प्रमुख भागवत 'चारों वेदों के सुबोध भाष्य' के तृतीय संस्करण का करेंगे विमोचन

**नई दिल्ली।** पद्मविभूषित वेदमूर्ति श्रीपाद दामोदर सातवलेकर के द्वारा हिंदी में प्रणीत 'चारों वेदों के सुबोध भाष्य' के तृतीय संस्करण का विमोचन 18 सितंबर को आम्बेडकर इंटरनेशल सेंटर, नई दिल्ली में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत इस पुस्तक का विमोचन करेंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वेदों के ज्ञान को विस्तार देने पर केंद्रित है, जिसमें वेदों से जुड़ी चर्चा भी की जाएगी। सातवलेकर को बचपन में ही संस्कृत और वेदों में रुचि थी। इस कारण सातवलेकर को वेदों का अध्ययन कराया गया था। वह वेदों का ज्ञान सब तक पहुँचाना चाहते थे, जिसमें सभी लोग बढ़ चढ़कर के भाग लें। अपने आध्यात्मिक ज्ञान के कारण सातवलेकर परिवार की समाज में बहुत प्रतिष्ठा थी। आचार्य चिंतामणि शास्त्री केलकर ने उन्हें संस्कृत व्याकरण में शिक्षित किया था। उन्होंने बहुत सारे राष्ट्रीय आंदोलन में भी भाग लिया। उल्लेखनीय है कि सातवलेकर 1936 में सतारा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े और औंध रियासत के संघचालक बने। 16 वर्ष तक उन्होंने संघ का कार्य किया।

## 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को मिलेगा मुफ्त इलाज

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश के बुजुर्गों के लिए एक बड़ी सौगात की घोषणा की है। अब 70 साल और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबीपीएम-जेएवाय) के तहत मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा। इस योजना का उद्देश्य बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें चिकित्सा संबंधी चिंताओं से मुक्ति मिल सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना की घोषणा अप्रैल में की थी, और अब इसे लागू कर दिया गया है। योजना के तहत, बुजुर्गों को प्रति वर्ष 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिलेगा। खास बात यह है कि यह कवर 70 साल से अधिक उम्र के नागरिकों के लिए विशेष रूप से अलग होगा, जिसे वे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ साझा नहीं करेंगे। यदि एक ही परिवार में एक से अधिक बुजुर्ग सदस्य हैं, तो दोनों के बीच 5 लाख रुपये का कवर साझा किया जाएगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए 70 साल या उससे अधिक उम्र के नागरिकों को आयुष्मान कार्ड बनवाना होगा। इसके लिए आप अधिकृत वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**आयुष्मान कार्ड बनवाना भी हुआ आसान**



## उपराष्ट्रपति का दर्दः संवैधानिक पद पर बैठे 'एक व्यक्ति' का देश के दुश्मनों में शामिल होना निंदनीय, घिनौना और असहनीय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- राहुल गांधी का नाम लिए बिना उप राष्ट्रपति ने कहा कि उनके बयानों से हर भारतीय को दुःख हुआ



उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना उनके बयानों और कृत्यों से घोर असहमति दर्ज की। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे 'एक व्यक्ति' का देश के दुश्मनों में शामिल होने से ज्यादा निंदनीय, घिनौना और असहनीय कुछ नहीं हो सकता। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संसद भवन में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम-I के प्रतिभागियों के तीसरे बैच को संबोधित करते हुए कहा "मैं इस बात से दुःखी और परेशान हूं कि महत्वपूर्ण पद पर बैठे कुछ लोगों को भारत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्हें न तो हमारे संविधान का कोई ज्ञान है और न ही उन्हें राष्ट्रीय हित की कोई जानकारी है।" उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि आप जो देख रहे हैं उसे देखकर आपका भी दिल दहल रहा होगा। यदि हम सच्चे भारतीय हैं, और हम अपने राष्ट्र में विश्वास करते हैं, तो हम कभी भी राष्ट्र के दुश्मनों का पक्ष नहीं लेंगे। हम सभी अपने राष्ट्रहित के लिए अंतिम सांस तक कृतसंकल्पित रहेंगे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमेशा याद रखिए कि इस आज़ादी को पाने में, इस आज़ादी की रक्षा करने में और इस देश की रक्षा करने में कितनों ने सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमारे भाई-बहन देश की रक्षा में पूरी तरह तत्पर हैं। माताओं ने अपने बेटे खोये हैं, युवा बेटियों ने अपने पति खोये हैं। हम अपने राष्ट्रवाद का उपहास नहीं उड़ा सकते। उन्होंने कहा कि देश के बाहर हर एक भारतीय को इस राष्ट्र का राजदूत बनना होगा। यह कितना दुखद है कि संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति ठीक इसका उलटा कर रहा है। इससे अधिक निंदनीय, घिनौना और असहनीय कुछ नहीं हो सकता कि आप देश के शत्रुओं के साथ शामिल हो जाएं। वे स्वतंत्रता का मूल्य नहीं समझते। वे यह नहीं समझते कि इस देश की सभ्यता 5000 वर्ष पुरानी है। उन्होंने कहा कि संविधान के संस्थापकों, संविधान सभा के सदस्यों द्वारा 18 सत्रों में, बिना किसी व्यवधान, बिना उपद्रव, बिना नारेबाजी और बिना कोई पोस्टर लहराए, तीन साल की कड़ी मेहनत से तैयार किया गया था।

## जिला पदाधिकारी आदेश के बावजूद भी सर्विस लेन के अतिक्रमण को नहीं हटा सका नगर निगम प्रशासन

**बड़े व्यापारिक भवनों को लगातार नियमों के विरुद्ध निर्माण की छूट देकर सर्विस लेन के जाम को बढ़ावा दे रहा है निगम प्रशासन**

**चाणक्य भूमि बेतिया**



बगहा -बाल्मीकि नगर, नरकटियागंज, मैनाटाड, सिकटा एवं योगापट्टी के लिए जानेवाली हरीवाटिका छावनी रोड अतिक्रमण के प्रभाव से ग्रसित है। जिस कारण इस पथ में विभिन्न स्थानों पर जाम की स्थिति नित दिन बनी रहती है। स्टेशन चौक, v -2-v मार्ट , सुप्रिया सिनेमा कमलनाथ रोड मोड सहित अन्य जगहों पर प्रायः जाम की स्थिति बनी रहती है। जिला प्रशासन के नजरों में कई माध्यम से यह जानकारी पहुंची कि जाम लगने के मुख्य कारणों में हरिवाटिका -छावनी सर्विस लेन में सड़क के दोनों तरफ लगाए गए वार्केटिंग एरिया अतिक्रमण के प्रभाव से प्रभावित है। इस रोड में दर्जनों बड़े छोटे कमर्शियल कंपलेक्स है। जिनके पास अपने कस्टमर के वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग प्लेस नहीं है।

सड़क के दोनों तरफ लगाए गए वार्केटिंग के दिशा में भी पक्की सड़क छावनी तक बनी हुई है। वह इसलिए की छोटे बच्चों के साथ ही साइकिल एवं पैदल चलने वाले मुख्य सर्विस लेन से न होकर सर्विस लेन से आएंगे और जाएंगे। लेकिन इस व्यवस्था को सड़क के दोनों किनारे वाले कमर्शियल प्रतिष्ठानों के द्वारा एक तरह से अतिक्रमण ही कर लिया गया है। सड़क किनारे के बड़े-बड़े दुकानों जैसे घर संसार, किशन होटल, अरोड़ा स्वीट हाउस, आदित्य विजन, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, एसबीआइ, डॉ नासिर अली का नर्सिंग होम, भवानी फर्नीचर, अष्टविनायक अस्पताल जैसे दर्जनों माल, दुकान एवं अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा अपने कस्टमरों की छोटी बड़ी वाहनों की माध्यम से एक प्रकार से सड़क का अतिक्रमण किया जा रहा है।

इन दुकानों प्रतिष्ठानों का अपने ग्राहकों के लिए किसी प्रकार की पार्किंग का व्यवस्था नहीं किया गया है। इन दुकानों होटल बैंक आदि में जाने वाले ग्राहक अपनी मोटरसाइकिल फोर व्हीलर सड़क पर लगाकर बेखौफ दुकान में जाते हैं होटल में जाते हैं जितना समय हुए दुकान होटल बैंक के अंदर गुजरते हैं, इतने समय तक उनकी वाहन ब्रैकेटिंग के बाद की सड़क पर खड़ी रहती है। नतीजा यह होती है कि दुपहिया या तिपहिया वाहने उधर से गुजरती ही नहीं है। हरी वाटिका चौक से लेकर स्टेशन चौक तक कई ट्रांसपोर्ट की भी प्रतिष्ठान संचालित हो रही है। बड़े छोटे गाड़ियों की कुछ गेराज भी संचालित है। जहां पर ट्रक पिकअप आदि या तो बनने के लिए खड़े रहते हैं या ट्रांसपोर्ट की गाड़ी के रूप में खड़े रहते हैं।

जिला पदाधिकारी को जब इन सारी स्थितियों की जानकारी हुई तो उन्होंने विगत जुलाई माह में नगर प्रशासन के साथ एक बैठक की। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में हरी वाटिका से लेकर छावनी तक की सर्विस लेन की अगल-बगल की अतिक्रमण को हटाकर सर्विस लेन को खाली कराने का निर्देश दिया

नगर निगम प्रशासन ने डीएम के आदेश का अनुपालन तो किया लेकिन सिर्फ दिखावे भर का। क्यों कहिए कि खानापूर्ति की गई। कुछ झोपड़ीनुमा दुकानों आदि को हटा दिया गया। आज का हाल यह है कि भी टू, भी मार्ट, किशन होटल, एक्सिस बैंक के पास से शाम 3:00 के बाद से रात्रि लगभग 9:00 बजे तक आम लोगों का चलना मुश्किल है। मार्केटिंग के अगल-बगल की सड़क पर जीप मोटरसाइकिल का पड़ाव स्थल के रूप में तो वही लिट्टी चोखा आइसक्रीम मोमोज फालूदा गुपचुप आदि की स्टैंडर्ड ठेला दुकान इन सड़कों पर खड़ी रहती है। इन दुकानों के द्वारा सिर्फ अपना ठेला आदि नहीं लगाया जाता बल्कि ग्राहकों के लिए वह वहां पर स्टूल कुर्सी भी लगा कर रखते हैं। जाम के समय में राहगीर इन रास्तों से भी नहीं आ जा सकते हैं।

गौर करने वाली बात यह अभी है कि, मुख्य मार्ग में कमर्शियल कंपलेक्स बनाने, दुकान मकान बनाने के लिए नगर निगम के द्वारा ट्रेड लाइसेंस निर्गत किया जाता है। नियमानुसार ट्रेड लाइसेंस निर्गत करने के पूर्व नगर निगम प्रशासन को जांच पड़ताल कर यह आश्वस्त हो जाना हैं, कि निर्माणीत होने वाले प्रतिष्ठा के पास पर्याप्त रूप से ग्राहकों के लिये पार्किंग है या नहीं तभी इसकी स्वीकृति मिलेगी अन्यथा इसकी स्वीकृति नहीं मिलेगी। मजे की बात यह है कि कागजों में तो यह खाना पूर्ति होती है लेकिन वास्तविकता उससे परे होती है। वर्तमान में भी कुछ बड़े-बड़े मकान दुकान बन रहे हैं, जिसकी जांच कर इसकी पुष्टि की जा सकती है।

वी-मार्ट के बगल में ही एक प्रतिष्ठित सकता आयरन स्टील की दुकान है। जिसने सड़क की जमीन पर ही अपने दुकान के गेट के लेवल से मोटी ढलाई ही कराकर स्थाई रूप से अतिक्रमण कर लिया है। नगर निगम प्रशासन सब कुछ देखते हुए भी चुप बैठा हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### अब 20 किलोमीटर तक तक की यात्रा में कोई टोल टैक्स नहीं देना होगा



**पटना, एजेंसी।** वाहन मालिकों के लिए अच्छी खबर है अब उन्हें 20 किलोमीटर तक की यात्रा में कोई टोल टैक्स नहीं देना होगा। मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने की है। राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क संशोधन नियम, 2024 के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों पर पहले 20 किलोमीटर की यात्रा के लिए शून्य-शुल्क नीति लागू की गई है। वही 20 किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करने पर टोल टैक्स देना होगा। कम दूरी का सफर करने वालों का आर्थिक बोझ कम करने के लिए यह नीति लागू की गयी है। सबसे अहम बात यह है कि यह केवल ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम ऑन-बोर्ड यूनिट से लैस वाहनों के लिए लागू होगा। ऐसे में राष्ट्रीय परमिट वाले वाहनों को छोड़कर अन्य वाहनों को राष्ट्रीय राजमार्ग, स्थायी पुल, बाईपास या सुरंग पर पहले 20 किलोमीटर की यात्रा के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा।

### थाने में पुलिसवाले को धक्का देकर भाग गया और देखती रह गई पुलिस



**भोजपुर, एजेंसी।** बिहार के आरा में पत्नी और बच्चों की बेरहमी से कत्ल करने वाला शख्स चंद ही घंटों में पुलिस के कब्जे से फरार हो गया। बड़ी हैरानी की बात है कि ट्रिपल मर्डर का एक आरोपी कई पुलिसवालों की मौजूदगी में थाने से ही फरार हुआ और पुलिस हाथ मलती रह गई। इस मामले में महकमे की काफी किरकिरी होने के बाद अब वरिष्ठ अधिकारी दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। दरअसल भोजपुर के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की टोला गांव में मंगलवार की शाम एक सनकी युवक ने अपनी पत्नी और दूधमुंहे सहित दो बच्चों को खंती से गला काट कर मार डाला था। पत्नी का सिर धड़ से अलग था और पैर पर भी जगह-जगह काटे जाने के जख्म मिले थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी लालू यादव को गिरफ्तार किया था। लेकिन बताया जा रहा है कि रात करीब 11 बजे लालू यादव थाने से फरार हो गया। वो पुलिसवालों को धक्का देकर थाने से फरार हुआ और पुलिस देखती ही रह गई। इस मामले में अब जिले के पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने कार्रवाई की बात की है। एसपी ने कहा, 'कल अजीमाबाद थाना में पत्नी और बच्चों की हत्या के मामले में मानसिक रूप से विक्षिप्त गिरफ्तार अभियुक्त थाना हजत में बंद था। उसके बाद एक चौकीदार और PSI के द्वारा हजरत रजिस्टर पर कुछ हस्ताक्षर के लिए निकालने के क्रम में वो लोगों को धक्का देकर हत्या फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम प्रयासरत है और इसके साथ लापरवाही करने वाले चौकीदार और पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ प्रतिवेदन लेकर कार्रवाई की जा रही है।'

### तालाब में डूबने से बच्ची की मौत :दोस्तों के साथ खेलने गई थी, पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबी

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी के पताही थाना क्षेत्र के नन्हाकर गांव में स्थित हरनाथ बाबा मंदिर के पास तालाब में में नहाने गई एक बच्ची की डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान नहंकार वार्ड-7 निवासी रंजन मांझी की बंटी तेतरी कुमारी( 7 ) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि वह अपनी सहेलियों के साथ खेलने गई थी। अंधेरा होने के कारण उसका पेड़ फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। उसके साथ गए अन्य बच्चों ने जब शोरगुल मचाया तो उसके परिजन और ग्रामीण उक्त तालाब के पास पहुंचे। जिसके बाद गोताखोरों की मदद से उसे निकाला गया, फिर स्थानीय सीएससी अस्पताल में लाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची अपर थानाध्यक्ष संजय चौधरी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी भेज दिया।

# 52 साल पुरानी पार्टी मासस का भाकपा माले में विलय

## झारखंड के 5 और बिहार के 3 जिलों में पड़ेगा असर, इंडिया एलांयस की बढ़ेगी ताकत

**पटना, एजेंसी।** 52 साल पुरानी पार्टी मार्क्सवादी समन्वय समिति ( मासस ) का विलय भाकपा माले में हो गया। इसके लिए झारखंड के धनबाद में 9 सितंबर को बड़ी रैली आयोजित की गई थी। झारखंड में विधानसभा का चुनाव इसी साल होना है, जबकि बिहार में 2025 में है। मासस के विलय के बाद माना जा रहा है कि बिहार-झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव पर इसका असर पड़ेगा। खासकर, झारखंड के धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह, रामगढ़ जिले में इसका बड़ा असर देखने को मिल सकता हैं। फिलहाल बगोदर से माले के विनोद सिंह विधायक हैं। वहीं, बिहार में माले के 12 विधायक हैं। बिहार माले के वरिष्ठ नेता केडी यादव ने बताया कि इस विलय का असर झारखंड की राजनीति पर तो पड़ेगा। इसके साथ ही बिहार के नवादा, नालंदा, गया में भी प्रभाव देखने को मिलेगा।



### माले के सीनियर नेता केडी यादव ने कहा- वामपंथ की एकता बढ़ेगी

माले के सीनियर नेता केडी यादव ने कहा कि इस ऐतिहासिक घटना का बड़ा असर होगा और वामपंथ की एकता बढ़ेगी। पुराने दिनों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि काफी विरोधाभास के बाद 52 साल पहले मासस बना था। एके राय ट्रेड यूनियन के बड़े नेता थे। 29 अप्रैल 1972 में जब उन्होंने मार्क्सवादी कॉर्डिनेशन कमेटी बनाई थी, तब कहा था कि इसे पार्टी के रूप में नहीं रखना है। हालांकि, राजनीतिक पार्टी के तौर पर मासस काम करने लगी थी।

### तीन बार सांसद रहे मासस के फाउंडर एके राय

मासस से एके राय तीन बार लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बनें। नक्सलबाड़ी आंदोलन के बाद चारु मजूमदार के नेतृत्व में भाकपा माले तेजी से आगे बढ़ रही थी। दूसरी तरफ एके राय के नेतृत्व में कोयला मजदूर आंदोलन कर रहे थे। इन आंदोलनों में ही गुरुदास चटर्जी और महेंद्र सिंह जैसे कई नेता शहीद हुए थे। एके राय ने धनबाद के इलाकों में 70 के दशक में आदिवासियों, मजदूरों के सवाल पर कई आंदोलन किए। हालांकि, बाद के दिनों में मार्क्सवादी समन्वय समिति और माले के नेता कई मुद्दों पर एक साथ काम किया। लेकिन, अधिकृत रूप से माले में मासस का विलय अब हुआ है। एके राय का निधन पांच वर्ष पहले हो चुका है। विलय के समय अरुप चटर्जी मासस के कार्यकारी अध्यक्ष थे।

### धनबाद में बढ़ रही माले की ताकत

केडी यादव कहते हैं कि एक समय था, जब धनबाद में मासस की तूती बोलती थी। निरसा विधानसभा सीट से मासस के अरूप चटर्जी कई बार विधायक रह चुके हैं। अभी यहां बीजेपी की अपर्णा सेन गुप्ता विधायक हैं। पिछले चुनाव में जेएमएम ने भी यहां से प्रत्याशी दिया था। सिंदरी विधानसभा सीट पर मासस के पूर्व विधायक आनंद महतो चुनाव लड़ते रहे हैं। इस बार उनके बेटे बबलू महतो को उतारा जा सकता है।

गिरिडीह के राजधनवार सीट से माले के राजकुमार यादव चुनाव लड़ते आए हैं। अभी यहां से बीजेपी के बाबूलाल मरांडी विधायक हैं। अब उम्मीद है कि इन सीटों पर माले कड़ा मुकाबला देगी।

### झारखंड में माले एक दर्जन सीटों पर लड़ सकती है विधानसभा चुनाव

जानकारी है कि झारखंड में मासस के माले में विलय के बाद विधानसभा क्षेत्रों की सूची तैयार की गई है, जहां पार्टी चुनाव लड़ेगी। इंडिया गठबंधन को झारखंड में मजबूत करने की रणनीति जोर पर है। संभावना है कि माले एक दर्जन सीटों पर झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ सकती है। 24 और 25 सितंबर को माले की महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। उसमें भी कई बड़े फैसले लिए जाएंगे।

### मासस के इन नेताओं को माले में दी गई बड़ी जगह

विलय के बाद मासस के दो बड़े नेता आनंद महतो और हरधर महतो को माले पोलित ब्यूरो में जगह दी गई है। इसके अलावा 5 बड़े नेता अरुप चटर्जी, आईडी मांझी, निताई महतो, आनंद महतो और हलधर महतो को सेंट्रल कमेटी में जगह मिली है।

### कांग्रेस से बेहतर परफॉर्मेंस माले का

बात अगर बिहार की करें तो लेफ्ट पार्टियों में माले तेजी से बढ़ रही है। कांग्रेस से भी बेहतर परफॉर्मेंस माले का दिख रहा है। लोकसभा चुनाव में तीन सीटों पर चुनाव लड़ी और दो पर जीत हासिल हुई। वहीं, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 9 सीटों पर लड़ी थी। सिर्फ तीन सीटें ही जीत पाई। 2020 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। इसमें सिर्फ 19 सीटों पर जीत हासिल कर सकी थी। विधानसभा चुनाव के समय आरजेडी के कई नेताओं ने ये बातें कही थी कि कांग्रेस से अधिक सीटें लड़ने के लिए माले को दी गई होती तो तेजस्वी यादव की सरकार बन जाती। अब माले का परफॉर्मेंस लोकसभा चुनाव में भी बढ़ा है। बिहार में माले 19 विधानसभा सीटों से काफी आगे जाकर 50 सीटों की मांग कर सकती है।

### बिहार-झारखंड में सीटें बढ़ेंगी- धीरेन्द्र झा, माले पोलित ब्यूरो सदस्य

माले पोलित ब्यूरो के सदस्य धीरेन्द्र झा कहते हैं कि इस विलय से बिहार-झारखंड के वामपंथी आंदोलन को नई ऊर्जा मिलेगी। खास तौर से उत्तरी छोटानागपुर में सम्मिलित ताकत बड़ी ताकत के रूप में उभरेगी।

## कृषि समन्वयक को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

**समस्तीपुर, एजेंसी।** बिहार के समस्तीपुर में एक कृषि समन्वयक को बंधक बनाने का मामला सामने आया है। मामला समस्तीपुर जिले के रोसरा अनुमंडल के शिवाजी नगर थाना क्षेत्र के मऊ उत्तर पंचायत में हुआ है। दरअसल किसानों का डीजल अनुदान का आवेदन रद्द हो गया है इसलिए आक्रोशित ग्रामीण लोगों ने कृषि समन्वयक विजय शंकर कुमार को बंधक बना लिया। कृषि समन्वयक को ग्रामीणों ने बांस के बिट में गमछे से बांध कर रखा था।



**कृषि समन्वयक बने बंदी :** आक्रोशित किसान वरीय अधिकारी को स्थिति सुलझाने के लिए बुलाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों ने इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की। किसानों ने बताया कि कृषि समन्वयक ने उन्हें जीरो टैग दिया है। उन्होंने कहा कि रद्दीकरण का कारण भी नहीं दिया गया है, इसलिए वे विरोध कर रहे हैं।

**कृषि समन्वयक पर पैसे मांगने का आरोप :** इस पूरे मामले को लेकर जब कृषि पदाधिकारी और अनुमंडल कृषि पधाधिकारी के द्वारा किसानों से फोन पर बात की गई। पदाधिकारियों ने आक्रोशित किसानों को भरोसा दिलवाया कि उनके सभी रिजेक्ट आवेदनों कि जांच होगी। उसके बाद उन्हें डीजल दिया जाएगा। जिसके बाद बंधक बनाए गए कृषि समन्वयक विजय शंकर को किसानों ने मुक्त कर दिया। किसानों ने अधिकारियों से बातचीत में यह भी बताया कि कृषि समन्वयक ने उनसे पैसों कि भी डिमांड की थी।

**नहीं दिया कमीशन तो आवेदन रद्द :** किसानों ने कृषि समन्वयक पर आरोप लगाया है कि पैसे नहीं देने के कारण उनके आवेदन को रिजेक्ट कर दिया। हालांकि इस बारे में वरीय अधिकारियों ने कुछ भी बताने से परहेज किया है। अभी किसान इस मामले में शांत है लेकिन अधिकारियों के द्वारा दिया गया आश्वासन अगर पूरा नहीं हुआ तो आगे प्रदर्शन किया जाएगा।

### पटना के गांधी मैदान थाने में ही चली गोली : पिस्टल के बैरल में फंसी थी गोली, निकालने के प्रयास में हुई फायरिंग, कोई घायल नहीं

**पटना, एजेंसी।** पटना के गांधी मैदान थाने में बुधवार की देर रात फायरिंग हुई। फायरिंग के समय पिस्टल का बैरल नीचे था, जिसके चलते एक बड़ा हादसा टल गया। इसमें कोई घायल नहीं हुआ। दरअसल पटना के गांधी मैदान थाना परिसर में दारोगा ने अपने सर्विस रिवॉल्वर को सही तरीके से कॉक नहीं किया। इसके चलते पिस्टल के बैरल से कारतूस अटक गई। दारोगा ने फिर से पिस्टल को कॉक कर गोली निकालना चाहा, इसी दौरान गोली चल गई।

**पिस्टल गलती से कॉक हो गया : थानाध्यक्ष :** गांधी मैदान थाना थानाध्यक्ष सीताराम प्रसाद ने बताया कि इसी थाने में पदस्थापित दारोगा को सूचना मिली थी कि गांधी मैदान में कोई संदिग्ध देखा गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दारोगा अपने पिस्टल को साथ लेकर निकलने ही वाला था की पिस्टल गलती से कॉक हो गया। इसके चलते गोली फंस गई और बाद में गोली चल गई।



## 25 नदियों के बीच बसे गांव में पढ़ाती महिला सिपाही

### बगहा के नक्सल प्रभावित इलाकों में शिक्षा से जोड़ गांव की बेटियों को बना रहीं आत्मनिर्भर

**बगहा (वाल्मिकीनगर), एजेंसी।** बगहा से 45 किलोमीटर दूर, जंगलों के बीच बसा गोबरहिया थाना क्षेत्र जहां पहुंचना आसान नहीं है। यहां करीब 25 नदियों को पार कर आना पड़ता है। दो पंचायतों के 26 गांवों में मुख्य रूप से थारू और उरांव जनजाति के आदिवासी लोग रहते हैं। यह जगह कभी नक्सलियों के लिए कुख्यात इस क्षेत्र था। जहां बिहार पुलिस की महिला सिपाहियों की अनूठी पहल से अब शिक्षा और आत्मरक्षा की नई अलख जग रही है। महिला सिपाहियों की अनूठी पहल से नक्सल प्रभावित इस इलाके में सुरक्षा के साथ-साथ शिक्षा का संदेश फैलाने की ठानी है। पुलिस मुख्यालय से दूर और अपराधिक दृष्टिकोण से संवेदनशील माने जाने वाले गोबरहिया थाना की ये महिला सिपाही अब सिर्फ थाने तक सीमित नहीं हैं। इन्होंने गांव-गांव जाकर लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाने और शिक्षा के महत्व को समझाने की अनूठी पहल शुरू की है।

### यहां हुआ था नरकटिया दोन नरसंहार

यह वही क्षेत्र है जहां कभी नरकटिया दोन नरसंहार जैसी घटनाएं हो चुकी हैं। नक्सल प्रभावित इस इलाके में पुलिस मुख्यालय से दूर स्थित गोबरहिया थाना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां की महिला सिपाही अब थाने की चारदीवारी से बाहर निकलकर गांवों में किशोरियों को आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ आत्मरक्षा के गुर सिखा रही हैं। यह पहल लड़कियों के आत्मविश्वास को बढ़ा रही है और उन्हें किसी भी संकट से निपटने के लिए तैयार कर रही है।

### किशोरिया ले रही है बढ़ चढ़कर हिस्सा

इस पहल को स्थानीय लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। गांव की किशोरिया बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। बगहा के जंगलों और नदियों के बीच बसे इन दूरस्थ गांवों में शिक्षा और आत्मरक्षा का यह संदेश एक नई उम्मीद की किरण लेकर आया है। बिहार पुलिस की इन महिला सिपाहियों के प्रयास से अब यहां की बेटियां निडर होकर आगे बढ़ने का सपना देख रही हैं। गोबरहिया थाना की महिला सिपाही, जो कभी महिला हेल्पलाइन के तौर पर काम करती थीं, अब बेटियों को सशक्त बनाने के मिशन पर हैं।

## हमारी सरकार बनी तो 200 यूनिट फ्री बिजली देंगे, तेजस्वी यादव का बड़ा ऐलान

**पटना, एजेंसी।** इन दिनों चुनाव से पहले देश के अलग-अलग राज्यों में मुफ्त बिजली देने की खूब घोषणाएं होती रहती है. अब बिहार में मुफ्त बिजली देने की चर्चा ज़ोर पकड़ने लगी है. दरअसल बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने फ्री बिजली को लेकर बड़ा ऐलान किया है. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि अगर बिहार में हमारी सरकार बनती है तो हमलोग 200 यूनिट फ़्री बिजली देंगे. तेजस्वी यादव ने कहा कि डबल इंजन सरकार और एनडीए के दशकों के शासन के बावजूद देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में मिलती है. बिहार की जनता महंगी बिजली बिल और स्मार्ट प्रीपेड मीटर की गड़बड़ियों से त्रस्त हैं. हमारी सरकार आने पर 200 यूनिट फ़्री बिजली दी जाएगी. बता दें, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने विधानसभा चुनाव के प्रचार का आगाज आभार यात्रा के साथ किया है. तेजस्वी यादव ने मंगलवार को आभार यात्रा की शुरुआत समस्तीपुर से कर दी है. दरअसल पिछले कुछ सालों में खासकर लोकसभा चुनाव के दौरान तिरहुत और मिथलांचल में आरजेडी की पकड़ ढीली हुई है. ऐसे में तेजस्वी यादव ने मिथिलंचल में आरजेडी की पकड़ मजबूत करने के लिए आभार यात्रा की शुरुआत समस्तीपुर से की है. तेजस्वी यादव अपनी इस यात्रा के दौरान अपने पिता लालू यादव के अंदाज में लोगों से जगह-जगह रुककर मिलने वाले हैं. तेजस्वी यादव इससे पहले भी कई यात्रा कर चुके हैं. लेकिन, आभार यात्रा तेजस्वी के लिए काफी खास मानी जा रही है. दरअसल तेजस्वी यादव इस बार की यात्रा में कोई सभा नहीं करने जा रहे हैं. वह लालू यादव के पुराने अंदाज में लोगों चौक-चौराहों और गांव की गलियों में मिलेंगे. इस यात्रा के दौरान तेजस्वी ना तो कोई सभा करेंगे ना ही मंच सजाएंगे और न ही कोई नेताओं की फौज साथ में रखेंगे. तेजस्वी यादव जहां पर विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे. वहीं लालू यादव के अंदाज में लोगों के साथ चौपाल लगाकर बात करते हुए दिखाई पड़ेंगे. तेजस्वी लोगों के घर जा सकते हैं. वहीं देर रात कार्यकर्ताओं के साथ खाने पर बातचीत भी करेंगे.



### बिहार की यात्रा पर है तेजस्वी यादव

इन दिनों बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बिहार के जगह जगह पर कार्यकर्ता संवाद कर रहे है। पहले चरण में समस्तीपुर के बाद दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में कार्यकर्ता संवाद का आयोजन किया जाएगा। 17 सितंबर तक 40 विधानसभाओं का दौरा करेंगे। तेजस्वी यादव ने कहा कि संवाद कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं की बात सुनी जाएगी।

## पूर्णिया के घूसखोर अंचलकर्मी सस्पेंड

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया के कसबा अंचल के घूसखोर कर्मी को डीएम कुंदन कुमार ने सस्पेंड कर दिया है। कार्यालय में घूस लेते वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें परिचारी मो. जमालउद्दीन घूस लेते दिखाए दे रहे। जांच के लिए कमेटी का गठन हुआ था। जिसमें वीडियो सही पाया गया। कार्यालय में वीडियो 10 सितंबर को किसी ने अपने मोबाइल से बनाया था। अंचल अधिकारी की जांच में भी पुष्टि हुई कि मो. जमालउद्दीन ने अंचल कार्यालय में बैठकर किसी शख्स से घूस लिया है। खतियान निकलवाने और अन्य सरकारी कागजातों का नकल देने के लिए रुपए की डिमांड की गई थी।



### अन्य कर्मियों को सख्त हिदायत

डीएम ने सख्त हिदायत दी है कि भूमि सर्वेक्षण और राजस्व से संबंधित या अन्य किसी काम के एवज में किसी प्रकार की लापरवाही, कोताही और असंवैधानिक रूप से वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी और कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार में 16 लाख 37 हजार राशन कार्ड कैंसिल

### म्रतकों के नाम पर ले रहे थे 5-5 किलो अनाज

**पटना, एजेंसी।** बिहार में 16 लाख 37 हजार राशन कार्ड कैंसिल किया गया है। यह कार्ड मृतक व्यक्ति के नाम पर था, जिसपर प्रत्येक महीने 5 किलो अनाज लिया जा रहा था। ई केवायसी से खुलासा होने के बाद खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग ने अवैध राशन कार्ड को कैंसिल किया है। इतना ही नहीं, 2 लाख 77 हजार ऐसे लोग सामने आए हैं जो बिहार से बाहर रह रहे हैं। ये लोग दोनों राज्यों में सरकारी अनाज ले रहे हैं।

**ई केवायसी से सामने आया मामला :** खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग के सचिव एन. सरवन कुमार ने बताया कि ऐसे व्यक्ति जो मर चुके हैं, उनके नाम को राशन कार्ड से हटाया गया है। ई केवायसी कराने से यह डाटा सामने आया है। उन्होंने बताया कि



8 करोड़ 35 लाख राशन कार्ड में से 8 करोड़ 4 लाख यानी 95प्रतिशत कार्डधारी का आधार सीडिंग हो चुके हैं। 5 करोड़ 10 लाख लोगों का ई केवायसी किया गया है, जबकि 3 करोड़ 24 लाख प्रोसेस में है। ई केवायसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद और कार्ड भी कैंसिल किया जाएगा।

### 2 लाख से अधिक लोग ले रहे थे दो राज्यों में राशन

खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण सचिव एन. सरवन कुमार ने बताया 2 लाख 77 हजार ऐसे परिवार हैं, जो दूसरे राज्यों में मजदूरी कर रहे हैं। वन नेशन वन राशन योजना के तहत एक जगह से ही अनाज ले सकते हैं, लेकिन दूसरे राज्यों में भी अनाज उठा रहे हैं। राजधानी दिल्ली में इनकी संख्या सबसे ज्यादा एक लाख 95 हजार हैं। हरियाणा, पंजाब, हिमाचल समेत अन्य राज्यों में भी बिहार के परिवार अनाज उठा रहे हैं। बिहार में दूसरे राज्यों के सिर्फ 6 हजार ऐसे परिवार हैं, जो पीडीएस से अनाज ले रहे हैं।

### 90 प्रतिशत परिवार की मुखिया महिला

विभाग की ओर से जो आंकड़े सामने आए हैं, उसके मुताबिक, राज्य में 90 प्रतिशत परिवार की मुखिया घर की महिलाएं हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 1 करोड़ 97 लाख परिवारों का राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया है। 22 लाख 88 हजार अंत्योदय अन्न योजना के कार्ड हैं, जबकि एक करोड़ 74 लाख राशन कार्ड पीएचएच श्रेणी के हैं। इन राशन कार्ड में 90प्रतिशत कार्डधारी परिवार में मुखिया के तौर महिलाओं का नाम दर्ज है। विभाग के अनुसार, राज्य में 65.61 लाख से अधिक राशन कार्डधारी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 8 कुख्यात अपराधियों पर इनाम की घोषणा, पटना के मो. चांद पर 2 लाख का इनाम

**पटना।** बिहार में क्राइम रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। राज्य सरकार के आदेश पर पुलिस मुख्यालय की ओर से फरार 8 कुख्यात अपराधियों पर इनाम की घोषणा की गई है। मुख्यालय की ओर से सभी जिलों के एसपी और रेल पुलिस की अपराधियों की तस्वीर मुहैया कराई गई है। पटना के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के कुख्यात अपराधी मो. चांद उर्फ अफताब पर पहले 50 हजार रुपए का इनाम था। इसे बढ़ाकर अब 2 लाख कर दिया गया है। मो. चांद पर 6 केस दर्ज है। चार मामलों में फरार चल रहे फतुहा के कुख्यात अपराधी बजरंगी यादव उर्फ बिट्टू पर 1 लाख का इनाम रखा गया है। जहानाबाद घोसी के रहने वाले



कमलेश रवानी उर्फ कमलेश राम पर 1 लाख का इनाम घोषित किया गया है। कमलेश पर 3 केस दर्ज है। जहानाबाद हुलासगंज के अनिल यादव उर्फ सद्दाम पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया है। 4 मामलों में पुलिस अनिल यादव को तलाश कर रही है। 10 मामलों में फरार चल रहे वैशाली बिदुपुर के कर्मवीर उर्फ धर्मवीर पर 2 लाख का इनाम रखा गया है। वैशाली बिदुपुर के राजा साह पर 1 लाख का इनाम है। राजा साह के खिलाफ 2 केस दर्ज है। लंबे समय से फरार चल रहा है। चार केस में लंबे समय से फरार चल रहे वैशाली बिदुपुर के कुख्यात अपराधी मो. साहिल पर 1 लाख का इनाम रखा गया है। समस्तीपुर से अगवा महिला की सूचना देने पर पुलिस मुख्या की ओर से 1 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। महिला मुजफ्फरपुर के सकरा की रहने वाली है।

### पुलिस ने OLX अकाउंट बनाकर जालसाज को दबोचा

**पटना।** पटना के गांधी मैदान थाने की पुलिस ने एक जालसाज को गिरफ्तार किया है। कई दिनों से इस जालसाज की शिकायत पुलिस को मिल रही थी। पुलिस ने इस शातिर को पकड़ने के लिए OLX पर बाइक बेचने के लिए पोस्ट डाला। शातिर जैसे ही समान खरीदने पहुंचा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गांधी मैदान थानाध्यक्ष सीताराम प्रसाद ने बताया कि OLX पर बिक्री के लिए डाले गये सामानों की ठगी करने वाले शातिर को गांधी मैदान थाने की पुलिस ने बुधवार की रात गिरफ्तार कर लिया।




गिरफ्तार शातिर का नाम राजू है। वह सामान लेने के बाद कई बार लोगों को चेक थमा कर फरार हो जाता था। जब बेचने वाले उस चेक को बैंक में जमा करते तो खाते में पैसे ही नहीं होता था। इस तरह के कई मामले सामने आने के बाद पटना पुलिस ने खुद ही OLX पर अपना अकाउंट बनाया और एक बाइक बेचने के लिए पोस्ट किया। इसके बाद उस शातिर ने बाइक खरीदने के लिए ओके किया। पुलिस नकली विक्रेता बन शातिर को गांधी मैदान गेट नंबर 10 पर बुलाई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल राजू से पूछताछ की जा रही है।

### पटना के गांधी मैदान थाने में ही चली गोली, पिस्टल के बैरल में फंसी थी गोली

**पटना।** पटना के गांधी मैदान थाने में बुधवार की देर रात फायरिंग हुई। फायरिंग के समय पिस्टल का बैरल नीचे था, जिसके चलते एक बड़ा हादसा टल गया। इसमें कोई घायल नहीं हुआ। दरअसल पटना के गांधी मैदान थाना परिसर में दारोगा ने अपने सर्विस रिवॉल्वर को सही तरीके से कॉक नहीं किया। इसके चलते पिस्टल के बैरल से कारतूस अटक गई। दारोगा ने फिर से पिस्टल को कॉक कर गोली निकालना चाहा, इसी दौरान गोली चल गई। गांधी मैदान थाना




थानाध्यक्ष सीताराम प्रसाद ने बताया कि इसी थाने में पदस्थापित दारोगा को सूचना मिली थी कि गांधी मैदान में कोई संदिग्ध देखा गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दारोगा अपने पिस्टल को साथ लेकर निकलने ही वाला था की पिस्टल गलती से कॉक हो गया। इसके चलते गोली फंस गई और बाद में गोली चल गई।

### पटना में डिवाइडर से टकराई ऑटो, चालक-खलासी सुरक्षित, ड्राइवर को नींद लगने के कारण हुआ हादसा

**पटना।** पटना सिटी के कंगन घाट पर गुरुवार की सुबह बड़ा हादसा होते-होते बच गया, जहां तेज रफ्तार ऑटो डिवाइडर से टकराकर पलट गई। ऑटो में सवार ड्राइवर और खलासी किसी तरह गाड़ी से बाहर निकले। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना चौक थाने को दी। सूचना मिलते ही चौक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना की जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि



एक ऑटो पिकअप तेज रफ्तार से कंगन घाट की तरफ आई। वहां टर्निंग है। वहीं सामने वाला रास्ता फिलहाल बंद है। यहीं ऑटो डिवाइडर से टकरा गई। चालक अंगेश कुमार ने बताया कि ऑटो पर सब्जी लोड था। सब्जी लेकर वो दीघा से पटना सिटी भट्टी पर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि कंगन घाट के नजदीक गाड़ी ड्राइव करने के दौरान अचानक नींद लग गई और ऑटो डिवाइडर से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि बड़ा हादसा हो सकता था।

### बिहार में डेंगू के 98 मामले, 44 सिर्फ पटना से

**पटना।** बिहार में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। पूरे प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 98 नए मामले सामने आए हैं। जो इस सीजन में अब तक सबसे ज्यादा है। राजधानी पटना डेंगू का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है, यहां से सबसे ज्यादा 44 केस की पुष्टि हुई है। इस सीजन में अब तक पूरे प्रदेश में 1 हजार 326 केस मिले हैं। डेंगू के बढ़ते मामले को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर है। विभाग की ओर से सभी अस्पतालों में 30-30 बेड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया गया है। प्रत्येक जिला अस्पताल में 5 बेड और पीएचसी और सीएचसी में दो-दो बेड डेंगू मरीजों के लिए सुरक्षित रखा जाने का भी निर्देश है। भागलपुर की रहने वाली खुशबू कुमारी (17) डेंगू से संक्रमित हुई थी। उनकी जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद 6 सितंबर को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया। डेंगू ने उनके शरीर को इतना कमजोर कर दिया था कि उन्हें इमरजेंसी के आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा। डॉक्टरों के प्रयास के बाद भी उनका प्लेटलेट्स तेजी से डाउन हुआ और इलाज के दौरान उनकी मौत 7 सितंबर को ही हो गई। पटना के रहने वाला संजीत कुमार (17) की भी मौत महज पीएमसीएच अस्पताल में भर्ती होने के एक दिन के बाद ही हो गई। उन्हें 6 को भर्ती कराया गया और 7 सितंबर को उनकी मौत हो गई। इंटरनल ब्लीडिंग के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया। समस्तीपुर के हेल्थ वर्कर राम लक्ष्मण दास को भी 7 दिन पहले डेंगू का संक्रमण हुआ था। 5 दिन में ही वह इतना कमजोर हो गए कि बेहोश हो गए। इलाज के लिए घर वाले बेगूसराय ले गए, लेकिन हालत बिगड़ती गई, डॉक्टरों ने रेफर कर दिया, जिसके बाद पटना के मेदांता में भर्ती कराया गया। इंटरनल ब्लीडिंग के कारण गुरुवार देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया। गर्दनीबाग की रहने वाली पूनम सिन्हा (57) डेंगू से संक्रमित हुई थी। जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद घर वालों ने 31 अगस्त को पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। कम समय में ही पूनम को डेंगू ने कमजोर कर दिया। हालत ऐसी हो गई कि उन्हें इमरजेंसी के आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा।

# मुसलमानों को भी नहीं पता जमीन वक्फ बोर्ड की हो गई

एजेंसी, पटना।

फतुहा के गोविंदपुर में वक्फ बोर्ड की जमीन वाला मामला तूल पकड़ने लगा है। बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड ने दावा किया था कि यह जमीन उनकी है। वहीं आज इस जमीन का निरीक्षण करने के लिए जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के सदस्य और बेतिया सांसद संजय जायसवाल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने इसे सजिश बताते हुए कहा कि मुसलमानों को भी नहीं पता है कि हमारी जमीन कब वक्फ बोर्ड की हो गई। वहीं उन्होंने देश के प्रत्येक राज्य के सुन्नी वक्फ बोर्ड, इस्लाम, लॉ यूनिवर्सिटी के बड़े जानकारों को बुलाकर उनका पक्ष लेने की बात कही है। डॉ. संजय जायसवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस तरह के कानून का दुरुपयोग हो सकता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण गोविंदपुर का यह इलाका है। मैं खुद देख रहा हूं कि इस जमीन पर सड़क बनी हुई है। दोनों ओर मकान बनी हुई है, लेकिन एक शख्स ने अपनी इच्छा से पूरे इलाके को वक्फ बोर्ड की जमीन घोषित



कर दिया। पहले कभी किसी को नोटिस नहीं दिया गया। बेचारों को पता भी नहीं है, अचानक एक दिन बोर्ड लगा दिया जाता है कि यह संपत्ति वक्फ की जमीन है। सभी अपना-अपना मकान खाली करें। खतियानी में भी इन सभी परिवार का नाम है। इसमें 90% हिंदू और 10% मुसलमान हैं। मुसलमानों को भी यह नहीं पता कि उनके दादा जी ने कब यह जमीन वक्फ बोर्ड को दी थी।

**मुसलमानों को भी नहीं पता है कि हमारी जमीन कब वक्फ बोर्ड की हो गई:** उन्होंने कहा कि हिंदू संविधान में ऐसी कोई सुविधा नहीं है की वक्फ करेगें। मुसलमानों को

**फतुहा पहुंचे JPC मेंबर संजय जायसवाल ने कहा- यह साजिश, बोले- इस्लाम, लॉ यूनिवर्सिटी के जानकारों को बुलाएंगे**

भी नहीं पता है कि हमारी जमीन कब वक्फ बोर्ड की हो गई। इसका यह नमूना है। बिहार सरकार ने इनके जमीन को वापस किया है। सबसे दुखद बात तो यह है कि पीड़ित किसके पास जा सकते हैं, ना डीएम के कोर्ट में जा सकते हैं और ना जिला कोर्ट में जा सकते हैं। सीधे हाईकोर्ट में रिट करना होता है। इस देश में कहीं ऐसा कानून नहीं है कि अगर आपको कहीं जमीन जायदाद को लेकर झगड़ा हो तो आप सिविल सूट नहीं कीजिए, सिविल कोर्ट नहीं जाइए और सीधे सुप्रीम कोर्ट जाइए। बिना कोई नोटिस दिए हुए आप 1 साल तक दबाकर रखिए और 1 साल बाद कहिए की यह संपत्ति वक्फ बोर्ड की हो गई। मुझे लगता है यह कानून में बहुत बड़ी खामी है। हम सभी जो जेपीसी के सदस्य इस पर विचार करेंगे।

## मौत की तारीख तय कर रहा हूं, फिर किया सुसाइड

एजेंसी, पटना।

पटना में रिटायर्ड पेशकार कमल किशोर मेहरोत्रा (65) ने फंदे से लटकर आत्महत्या कर लिया। शव किचन में फंदे से लटकता मिला। मौके से पुलिस ने सुसाइड नोट भी बरामद किया है। कमल किशोर रिटायरमेंट के बाद से अपनी पत्नी के साथ जक्कनपुर थाना क्षेत्र स्थित कन्नू लाल रोड स्थित मकान में रह रहे थे। आज सुबह जैसे ही उनकी पत्नी मंदिर गई, उन्होंने फांसी लगा ली। रिटायरमेंट से पहले कमल पटना सिविल कोर्ट में पेशकार के रूप में तैनात थे। वहीं सुसाइड नोट में उन्होंने लिखा है कि 'मैं कमल किशोर मेहरोत्रा, अपनी मौत की तारीख खुद तय कर रहा हूं। एक दिन सबको जाना है। मेरे जाने के बाद मेरे परिवार के किसी सदस्य को तंग नहीं किया जाए। अपनी मौत का जिम्मेदार मैं खुद हूं।'

**थानाध्यक्ष बोले- सुसाइड नोट की जांच की जा रही:** जक्कनपुर थानाध्यक्ष ऋतुराज कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक की पहचान कमल किशोर मेहरोत्रा के रूप में हुई है। वो पटना सिविल कोर्ट में पेशकार



♦ **पटना में फंदे से लटकता मिला रिटायर्ड पेशकार का शव, घटना के समय मंदिर गई थी पत्नी**


के रूप में कार्यरत थे। रिटायरमेंट के बाद से वह पत्नी के साथ घर पर ही रह रहे थे। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया गया है, जिसकी जांच की जा रही है।

**रिटायरमेंट के बाद से ही परेशान थे:** जानकारी के अनुसार कमल किशोर रिटायरमेंट के बाद से ही परेशान रह रहे थे। किसी से मिलना-जुलना और घर से बाहर निकलना भी कम कर दिया था। दोनों का एक बेटा है, जो पुणे रहकर पढ़ाई करता है। वहीं आज कमल की पत्नी पूजा के लिए मंदिर गई तो उन्होंने फांसी लगा ली।

## पटना में मौत से पहले फेसबुक लाइव पर कहा- गंगा मैया बुला रही, फिर कूद गया

एजेंसी, पटना।

पटना में एक युवक ने फेसबुक लाइव आकर सुसाइड करने की बात कही और फिर गंगा में छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली है। मृतक की पहचान पटना सिटी के रहने वाले अमित कुमार ऊर्फ पिल्लू कुमार के रूप में हुई है। अमित ने हाथ में सिगरेट लेते हुए फेसबुक लाइव करते कहा था कि 'एक लड़की और उसके घर वालों ने उसे बर्बाद कर दिया। फेसबुक लाइव में वह कह रहा है कि सीन देखिए गाइज...एक नंबर सीन है। गंगा मैया मुझे बुला रही है कि तुम आओ। दुनिया सही नहीं है। तुम वहां नहीं रहो। जा रहे हैं गाइज। आपलोग खुश रहिए। मेरे पिता वैद्यनाथ यादव, छोटा भाई अनिकेत उर्फ ईशु भी खुश रहेगा।' घटना बुधवार की पटना सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र के पीरदमादिया घाट की है। घटना की सूचना पर स्थानीय थाने की पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। स्थानीय थाने की पुलिस ने इसकी सूचना SDRF टीम को दी। सूचना मिलने के बाद SDRF टीम ने गंगा से शव बरामद किया। फेसबुक लाइव में अमित परिवार



वालों पर आरोप लगा रहा है। कह रहा है कि 'सबको सिर्फ पैसे से मतलब है, जिससे मेरी लड़ाई होती है। मेरे परिवार वाले उससे ही नजदीकी रखते हैं। मेरे परिवार वाले धमकी देते हैं कि हम तुम्हारी पिटाई करवाएंगे। मूंछ पर ताव देते हुए अमित कैमरे को चेहरे की तरफ करते हुए कहता है कि जाते-जाते चेहरा देख लीजिए।' हम दुनिया में सिंगल पीस ही हैं। मेरा कोई जोड़ नहीं है, मेरे जैसा दुनिया में कोई पैदा भी नहीं होगा। मैं बस यही कहना चाहता हूं कि आरोपियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए खासकर के मेरे छोटे भाई को। यह कहते हुए वो गंगा नदी में छलांग लगा देता है।' छलांग लगाने से पहले अमित ने एक और वीडियो बनाया, 'जिसमें वह कह रहा है कि हैलो गाइज...अभी हम आत्महत्या करने जा रहे हैं।

## डाकबंगला में 'तिरुपति बालाजी मंदिर' की थीम पर पंडाल

एजेंसी, पटना।

दुर्गा पूजा में पटना के डाकबंगला चौराहा का पंडाल हमेशा से ही आकर्षण का केंद्र रहा है। सीएम नीतीश कुमार हर साल इस पंडाल में माता के दर्शन करने आते हैं। इस बार 'तिरुपति बालाजी मंदिर' थीम पर पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल को फाइबर से बनाया जा रहा है। इसकी ऊंचाई 85 फीट और चौड़ाई 55 फीट होगी। 500 मूर्तियों से नक्काशी की जाएगी।

**10 भव्य LED गेट बनाए जा रहे हैं:** नवयुवक संघ श्री दुर्गा पूजा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष संजीव प्रसाद टोनी ने बताया कि डिजाइनिंग कोलकाता आर्ट कॉलेज के कलाकार राजेश बनर्जी ने किया है। पंडाल बनाने के लिए पश्चिम बंगाल के मिदनीपुर से कारीगर आए हैं। उपाध्यक्ष राजन कुमार यादव ने बताया कि डाकबंगला चौराहे से तारामंडल तक 10 भव्य एलइडी गेट बनाए जा रहे हैं। इसकी ऊंचाई 56 फीट, 32 फीट और 28 फिट होगा। एलइडी गेट पर भगवान शंकर विष पीते, शिव तांडव, मां दुर्गा के स्वरूप, मोर को नाचते हुए दर्शाया



जाएगा। एल सेफ लाइट के जरिए तारामंडल से लेकर डाकबंगला चौराहे तक हाथी, घोड़ा, बंदर और शेर भक्तों का स्वागत करेंगे।

**लॉरी टाइप मैकेनिकल स्ट्रक्चर लगाया जाएगा:** संस्था के महासचिव डॉ. पुरुषोत्तम मिश्रा ने कहा कि एलइडी कैंप लाइट बल्ब के जरिए लॉरी टाइप मैकेनिकल स्ट्रक्चर लगाया जा रहा है। इसकी ऊंचाई 20 फीट होगी। बिन बजाते हुए सपेरा, मुंह से आग निकालते हुए ड्रैगन, बैलून फुलाते हुए जोकर, संगीत बजाते हुए आर्केस्ट्रा ग्रुप, दिवार पर शिकार करते हुए छिपकली, फुल के साथ तितली और धान खाते हुए कीड़े को दिखाया जाएगा।

**बनारस, हरिद्वार की मिट्टी से बन रही मां की प्रतिमा:** वहीं, कोषाध्यक्ष अमित कुमार बरूआ ने बताया कि मूर्ति के निर्माण में मिट्टी और जल बनारस, हरिद्वार, ऋषिकेश और कोलकाता से मंगवाया गया है। प्रतिमा को सजाने के लिए सामान बांग्लादेश बॉर्डर (बौनगा) और बनारस से मंगवाया गया है।

**500 से अधिक वालंटियर करेंगे देखरेख:** सचिव सोनू यादव

♦ **बनारस, हरिद्वार की मिट्टी से बनेगी मां की प्रतिमा, CCTV से निगरानी, 500 वालंटियर भक्तों का रखेंगे ध्यान**

और रितेश कुमार ने बताया कि इस बार कोतवाली से लेकर डाकबंगला चौराहा तक श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कमेटी गठित की गई है। जिसमें सदस्यों की संख्या 500 से अधिक है। वालंटियर घूम-घूमकर असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखेंगे। पटना जिला प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे।

**10x10 फीट के दो एलइडी वॉल लगाया जाएगा:** उप सचिव राजेश पासवान और अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि सुरक्षा के लिए दो ऊंचे वॉच टावरों का भी निर्माण किया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरा भी लगाया जा रहा है। इसके अलावा पूजा का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। जिसके लिए 10x10 फीट के दो एलइडी वॉल लगाया जा रहा है।


# अब एक क्लिक पर मिलेगा ट्रैफिक का अपडेट

## घर बैठे रोड जाम, वैकल्पिक रास्ते की मिलेगी जानकारी

एजेंसी, पटना।

बिहार पुलिस और मैप माई इंडिया के बीच करार हुआ है। एप के जरिए ट्रैफिक से जुड़ा पल-पल का अपडेट मिलेगा। एक क्लिक पर सारी जानकारी आपको घर बैठे फोन पर ही मिल जाएगी। ट्रैफिक एडीजी सुधांशु कुमार और मैप माई इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट अली रिजवी ने एक एमओयू साइन किया है। 1 अक्टूबर से पूरे बिहार में इसको लागू कर दिया जाएगा।

**वैकल्पिक रास्ते की भी जानकारी मिलेगी:** ट्रैफिक एडीजी सुधांशु कुमार ने बताया कि इस एप को डाउनलोड करने के बाद आपको रास्ते की जानकारी रियल टाइम में मिलेगी। साथ ही नजदीकी हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, मार्केट, पुलिस स्टेशन, सड़क पर लगे कैमरे, होटलों की जानकारी उपलब्ध रहेगी। चौक-चौराहों या संकरी गलियों के लोकेशन पर आपको यह एप पिक्चर के माध्यम से लोकेट करेगी। रोड जाम



रहने पर वैकल्पिक रास्ते को भी जान पाएंगे। ट्रैफिक मैनेजमेंट, सड़क सुरक्षा और इमरजेंसी सर्विसेज से जुड़ी जानकारी रीयल टाइम बेसिस पर लोगों को मिल जाएगी।

वहीं, मैप माई इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट अली रिजवी ने बताया कि यह 27 वर्ष पुरानी कंपनी है। जिसने राष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल मैपिंग डाटा बेस विकसित किया है। लगभग सभी 4 व्हीलर निर्माता कंपनी के साथ हमारा टाई-अप है। यह एप बिहार के सभी नागरिकों के लिए फ्री रहेगा।

**बिहार पुलिस-मैप माई इंडिया के बीच करार**

एप पर ट्रैफिक से जुड़े सलाह और जानकारी विजुअल के माध्यम से लोगों को दिखेगी।

**ट्रैफिक पुलिस देगी जानकारी:** ट्रैफिक पुलिस से यातायात से जुड़ी जानकारी हर जिले में व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से रियल टाइम में अपलोड करेगी। इस एप में 3 तरह की सूचना दी जाएगी। बेसिक मैप, पुलिस से मिली जानकारी, आम लोगों से ली गई सूचना और तस्वीर शामिल है। लोगों को सड़क नेटवर्क की लाइव स्टेटस जैसे जल जमाव, डैमेज रोड, ग्रिडलॉक, सड़कें बंद होना और डायवर्जन की सूचना मिल जाएगी। इसके के साथ इमरजेंसी जैसे जुलूस, धरना, विरोध प्रदर्शन, रैलियों, वीआईपी मूवमेंट, दुर्घटना की भी जानकारी मिलेगी।

## तेजस्वी यादव ने कहा- शराबबंदी के नाम पर धन शोधन कर रही पुलिस

एजेंसी, पटना।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कार्यकर्ता संवाद यात्रा पर हैं। इस दौरान तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा है कि कहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 'सुषुप्त अवस्था' में हैं। प्रदेश में बेलगाम अपराध और ध्वस्त विधि व्यवस्था के कारण प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की सत्ता प्रायोजित पूर्व नियोजित हत्याएं हो रही हैं, लेकिन किसी पुलिस अधिकारी पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई और तबादला करने की बजाय अपराध वाले जिलों/क्षेत्रों में ही उन्हें लंबी अवधि तक, तब तक पोस्टिंग दी रही कि जब तक पोस्टिंग के वक़्त निवेशित राशि पर (लाभांश) ना मिल जाए। ये बातें उन्होंने सोशल मीडिया पर कही हैं। उन्होंने कहा है कि नीतीश कुमार की पुलिस अपराध की रोकथाम नहीं बल्कि शराबबंदी



के नाम पर धन शोधन में व्यस्त है। हत्याओं की ये घटनाएं केवल पटना शहर (पटना जिला नहीं) के पुलिस के आंकड़े हैं लेकिन सच्चाई इससे भी कई गुणा भयावह है। 6 महीने में पटना में हुए वारदात के आंकड़े को तेजस्वी ने सामने रखा है। ये आंकड़े दैनिक भास्कर डिजिटल से लिए गए हैं जिसे पटना पुलिस ने जारी किया है। आंकड़े में है कि पटना में 6 महीने में हत्या की 175 वारदात, लूट की 108, डकैती की 23, घर में चोरी की 489 और गाड़ी चोरी की 2936 वारदात हुई है।

## पटना एयरपोर्ट पर लगा ऑटोमेटिक आब्जर्विंग सिस्टम

एजेंसी, पटना।

पटना एयरपोर्ट पर ऑटोमेटिक वेदर आब्जर्विंग सिस्टम लग गया है। इससे प्लेन के टेकऑफ और लैंडिंग के समय मौसम का रियल टाइम मॉनिटरिंग होने लगा है। इसे एयरपोर्ट के शुरू और अंत दोनों छोर पर लगाया गया है। मौसम विभाग केन्द्र पटना के निदेशक आनंद कुमार ने बताया कि इससे पहले पटना एयरपोर्ट पर दृष्टि नाम से उपकरण लगा था। वह केवल मौसम की विजिबिलिटी बताता था। लेकिन ऑटोमेटिक वेदर आब्जर्विंग सिस्टम लग जाने से वातावरण का तापमान, विजिविलिटी, हवा की दिशा, स्पीड, दबाव और बादलों की सघनता को बताने लगा है। उन्होंने बताया कि किसी फ्लाइट के टेकऑफ और लैंडिंग के लिए सतह



♦ **तापमान, विजिविलिटी, हवा की दिशा फॉग तक की मिलेगी जानकारी**

का तापमान, हवा का दबाव और बादलों की अवस्था के साथ हवा का दिशा की स्थिति संतुलित होना जरूरी होता है। ऑटोमेटिक वेदर आब्जर्विंग सिस्टम से एक से दो मिनट के मौसम की हर जानकारी पायलट तक पहुंच जाएगी। इससे लैंडिंग और टेकऑफ दोनों ही सुरक्षित होगा।

## कन्हौली में 50 एकड़ जमीन पर बन रहा बस टर्मिनल

एजेंसी, पटना।

कन्हौली में 50 एकड़ जमीन पर बस टर्मिनल बनाने का काम आगे बढ़ा है। प्रस्तावित रिंग रोड को कनेक्ट करते हुए इस नए बस टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा। यहां से प्रतिदिन 5 हजार से अधिक बसों का परिचालन होगा, जो राज्य के अधिकतर शहरों को जोड़ेगी। साथ ही देश के अन्य शहरों जैसे दिल्ली, कोलकाता, वाराणसी जैसे 20 शहरों को जोड़ने के लिए यहां से बसों का परिचालन होगा। यहां से नेपाल के लिए भी बस चलाने की तैयारी है। इसकी क्षमता पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से दोगुनी होगी। पाटलिपुत्र बस टर्मिनल को 25 एकड़ पर बनाया गया है। सरकारी बसों की पार्किंग समेत अन्य कार्य के लिए 5 एकड़ जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। इस जमीन से 20 एकड़ अधिक कन्हौली बस टर्मिनल के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा।

**फुलवारी बस डिपो दोनों स्टैंड को जोड़ेगी:** फुलवारीशरीफ में बड़े बस डिपो का निर्माण कराया गया है। बांकीपुर बस स्टैंड को बंद कर होटल बनाने की तैयारी है। ऐसे में बीच शहर में सिर्फ फुलवारीशरीफ में ही बस डीपो



रहेगा।फुलवारीशरीफ परिसर में 1096 वर्ग मीटर में 200 बसों के पार्किंग की जगह है। यहां से सिटी सर्विस की इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों की पार्किंग की जाती है। यहीं से शहर के विभिन्न रूटों के लिए सिटी बसें खुलती है। इसके अलावे स्टेट बस भी खुलती हैं।

**रिंग रोड का हिस्सा होगा कन्हौली बस टर्मिनल:** डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने स्थल निरीक्षण कर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को एक सप्ताह में कन्हौली बस स्टैंड की जमीन से संबंधित प्रस्ताव देने का निर्देश दिया है। उन्होंने

**हर दिन 5 हजार बसों का होगा आना-जाना, दिल्ली, कोलकाता, वाराणसी जैसे 20 शहरों डायरेक्ट बस**

कहा कि यह बस टर्मिनल रिंग रोड का हिस्सा होगा। इसके निर्माण से दक्षिण पटना के इलाके में तेजी से विकास होगा।

**जमीन के अधिग्रहण की तैयारी:** जिला प्रशासन द्वारा जमीन अधिग्रहण करने की तैयारी किए जाने वाले प्रस्ताव में 33 घर शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इसके बाद जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को जमीन की लंबाई बढ़ाने और चौड़ाई को कम कर नया प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया है। ताकि घर को सीमांकन से बाहर किया जा सके।

**पटना रिंग रोड इलाके को विकसित करने की योजना:** रिंग रोड के इलाके में आपार्टमेंट, मॉल, स्कूल सहित अन्य प्रोजेक्ट को विकसित करने की योजना है। योजना के तहत 2019 में कन्हौली में राज्य का सबसे बड़ा बस टर्मिनल बनाने का निर्णय लिया गया।

संक्षिप्त समाचार

## युवक को सांप ने काटा गंभीर स्थिति में रेफर

**चाणक्य भूमि,मैनाटाड़।** घर में सोये युवक को विषैले सांप ने काट लिया। युवक के चिखने चिल्लाने पर परिजन आये और आनन-फानन में इलाज के लिए सीएचसी ले गये। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच रेफर कर दिया गया। घटना मैनाटाड़ थाना क्षेत्र के पूर्वी पकुहवां गांव का है। वही घायल युवक की पहचान हमीद मियां का पुत्र हैदर अली 30 वर्षीय के रुप मे की गयी है। मिली जानकारी के अनुसार हैदर अली अपने घर में सोया हुआ था, इसी दौरान अचानक घर में सांप निकालकर आया और उसे डंस लिया। हैदर अली की चिखने चिल्लाने की आवाज सुन परिजन आए और उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनाटाड़ ले गये। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया।

## बगहा उपकारा में कैदियों का हुआ स्वास्थ्य जाँच

**चा० भूमि बगहा।** उपकारा बगहा में विशिष्ट चिकित्सा शिविर और इन टेस्टिफाइड कैंपेन एचआईवी एड्स कार्यक्रम किया गया जिसमें लगभग 150 से 100 कैदी मौजूद रहे। कारा उपाधीक्षक के अलावे अनुमंडलीय अस्पताल के वरीय चिकित्सक डॉ. एसपी अग्रवाल डॉ. शिवांगी कुमारी गुप्ता डॉ. संदीप कुमार राय परामर्श सह जिला पर्यवेक्षक रमेश रंजन मौजूद रहे। सभी ने एचआईवी जागरूकता पर कैदियों को को जानकारी दिया।

## बेसुध मिली महिला को पुलिस ने अस्पताल पंहुचाया

**चा० भूमि मैनाटांड।** इनरवा थाना के क्षेत्राधिकार में एक महिला सड़क के किनारे बेसुद्ध अवस्था में पड़ी थी । जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा इनरवा पुलिस को दी गयी। सुचना पर पहुंची पुलिस ने बेसुध अवस्था में पड़ी महिला को सामुदायिक अस्पताल मैनाटांड ले जाया गया। महिला स्तिथि नाजुक देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए महिला को बेतिया रेफेर कर दिया गया।इनरवा थाना अध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की महिला की पहचान ज्योति देवी साकिन बहुआरवा के रूप मे हुई है। महिला को जहर दिया गया था। महिला का ईलाज बेतिया जी एम सी एच में चल रहा है। फिलहाल महिला खतरे से बाहर है। आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

## बिजली गिरने से हुई दो लोगों की मौत

» दो अलग-अलग जगहों पर ठनका गिरने से एक पुरुष और एक महिला किसान की हुई मौत

**चाणक्य भूमि बगहा।** गुरुवार को दोपहर दियारा क्षेत्र में ठनका गिरने की दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई है जिसमे एक पुरुष और एक महिला है। जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। मृतकों की पहचान गोडियापट्टी निवासी विनोद चौधरी और आनंद नगर निवासी कृष्णावती देवी के रूप मे हुई हैं। घायल महिला सुनैना देवी व माया देवी का इलाज के लिये बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. घनश्याम ने बताया कि सुनैना देवी का इलाज चल रहा है। दूसरी घटना में, कृष्णावती देवी अपने पति किशन चौधरी के साथ धान के खेत में काम कर रही थीं, जब अचानक ठनका गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आस पास के किसानों की मदद से कृष्णावती देवी के शव को बगहा लाया गया और पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया। कृष्णावती देवी के पति किशन चौधरी ने घटना के सम्बंध में बताया कि दोनों साथ में खेतों में काम करने के लिए गए थे। इसी दौरान अचानक तेज आवाज के साथ बिजली तड़की, एक रौशनी हुआ आवाज इतनी तेज थी कि मैं भी गिर गया। उठा तो पत्नी की मौत हो चुकी थी। पत्नी के सर पर ठनका गिरा था।

## चैलाहा महायाग शाला मे बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ की बैठक आयोजित



**चाणक्य भूमि मोतिहारी।** जिला के बंजरिया प्रखंड चैलाहा महायज्ञ शाला में बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष विन्दु तिवारी ने की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री तिवारी नें कहा कि 02 सितम्बर जीविका प्रबंधन द्वारा जारी संशोधित सामुदायिक कैडर मानदेय कार्यालय आदेश कैडरों के साथ छालावा है। उनका कहना है कि कैडर अब सड़क पर उतर कर आर - पार के मूड में है। इस मौके पर कैडरों ने शपथ लिया है कि सरकार ने कैडर मानदेय पॉलिसी नहीं बदला तो हम 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में सरकार बदल देंगे। विदित हो कि जीविका मुख्यमंत्री को एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। जिसने बिहार कि सूरत बदलने का हरसंभव प्रयास किया। ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार जो आज दिख रही है उसमें जीविका का एक बड़ा योगदान हैं। लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा हैं कि आज जीविका में कार्यरत लगभग 1.5 लाख कैडरों का मानदेय भुगतान पद्धति बिल्कुल बंधुआ मजदूर वाली है। जिसमें 90% महिला कैडर शामिल हैं। जीविका प्रबंधन से कई बार अनुरोध करने पर भी अभी तक उसमें कोई पहल नहीं हो पाया है। जिससे जीविका कैडरों के बीच जीविका प्रबंधन और सरकार के प्रति असंतोष व्याप्त है। सभी कैडर अल्प मानदेय पर काम करने वाले गरीब तबके के लोग हैं। उनके सामने आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गई है। इसलिए कैडर मानदेय भुगतान हेतु जारी आदेश को अबिलम्ब बदला जाय। मौके पर कार्यालय आदेश की प्रति जलाकर प्रतिकार किया गया।इस मौके पर सैकड़ों जीविका कैडर और दीदी उपस्थिती थी।

## सीपीएम के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर जताया शोक

**तेतरिया ।** सीपीएम के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी के निधन की खबर मिलते ही सीपीएम,राजद, सहित महागठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ पड़ी। येचुरी बर्ष 20210 के विधानसभा चुनाव में तेतरिया आये थे और तेतरिया हाईस्कूल में सीपीएम प्रत्याशी रहे राजमंगल प्रसाद के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया था।निधन पर पूर्व विधायक रामाश्रय सिंह,पीपरा विस क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित सीपीएम प्रत्यासी रहे राजमंगल प्रसाद, प्रदेश युवा राजद उपाध्यक्ष संजय निराला, तेतरिया प्रखंड युवा राजद अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता , रमेश कुमार गुप्ता, सीपीएम के सुरेन्द्र यादव,शैलेन्द्र कुशवाहा, पूर्व मुखिया सह पीपरा विस क्षेत्र के सीपीएम सचिव अजय कुमार यादव, मुकेश यादव, बीरेंद्र प्रसाद यादव,इम्तेयाज अहमद, बिकी कुमार, डीवाईएफआई के पूर्व जिला संयुक्त सचिव इफ्तेखार अहमद, अधिवक्ता अरुण सिंह,गरीब नाथ, सीपीआई के रामचंद्र प्रसाद आदि नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक व्यक्त किया है।

# जिलाधिकारी ने भूमि-विवाद के मामलों को ससमय निष्पादन करने को कहा

चाणक्य भूमि मधुबनी



जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला राजस्व समन्वय समिति एवं आंतरिक संसाधन की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, इस समीक्षा के क्रम में पाया गया कि अगस्त माह में ओवरऑल प्रदर्शन में कलुआही प्रथम, फुलपरास द्वितीय, लदनिया तृतीय, अंधराठाड़ी चतुर्थ व हरलाखी को पांचवें स्थान पर रहा है। वहीं मधवापुर, रहिका, लखनौर, बेनीपट्टी, पंडौल निम्न प्रदर्शन कर अंतिम पांच में रहे, मधवापुर प्रखंड का प्रदर्शन सबसे निम्न रहा, गौरतलब हो कि अगस्त माह में सभी अंचलाधिकारियों द्वारा दाखिल खारिज, अभियान बसेरा- 2, परिमार्जन प्लस, आधार सीडिंग, ऑनलाइन एलपीसी, जमाबंदी, अतिक्रमण आदि कार्यों में प्रदर्शन के आधार पर उक्त रैंकिंग की गई है। आगे जिलाधिकारी ने कहा कि अंचलाधिकारी लगातार पांच महीने तक अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं करते हैं तो उनके विरुद्ध प्रपत्र क गठित करके अग्रेतर कार्रवाई की जाएगीश

जिलाधिकारी ने दाखिल-खारिज के प्राप्त आवेदनों का हर हाल में निर्धारित अवधि में निष्पादन करने का निर्देश दिया, साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अतिक्रमण के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ त्वरित रूप से निष्पादित करे। बैठक में दौरान जिलाधिकारी ने सभी सीओ को अतिक्रमणवाद के मामलों को सरजमीनी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने का भी निर्देश दिया।

उक्त बैठक में अपर समाहर्त्ता शैलेश कुमार, वरीय उप समाहर्ता नशीन कुमार निशांत, प्रशिक्षु डीपीआरओ अमन कुमार आकाश सहित जिले के सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता व अवर निबंधक पदाधिकारी, राज्यकर आयुक्त वाणिज्यकर, मधुबनी एवं झंझारपुर एवं सभी अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में मिली बेल सांप की नई प्रजाति



चाणक्य भूमि

» सौरभ वर्मा और सोहम पट्टेकर नामक वैज्ञानिकों की टीम ने इसे खोजा

सोहम पट्टेकर नामक वैज्ञानिक और उनकी टीम 2021 में इस इलाके का सर्वेक्षण कर रही थी। इसी दौरान उन्हें एक मृत सांप मिला, जो बाद में एक नई प्रजाति के रूप में पहचाना गया। गहन विश्लेषण और डीएनए परीक्षण से यह पुष्टि हुई कि यह बेल सांप की एक नई प्रजाति है। उनकी इस खोज का प्रकाशन जर्नल ऑफ एशिया पैसिफिक बायोडायवर्सिटी में किया गया है।

उनकी इस खोज ने वैज्ञानिक जगत में उत्साह भर दिया है। सांप की इस नई प्रजाति के मिलने से वैज्ञानिक भी हैरान हैं। इस खोज की वजह से वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के पास स्थित गोनौली गांव भी अंतर्राष्ट्रीय पटल पर आ गया है।

## उर्वरक, बीज और कीटनाशी विक्रेताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण



चाणक्य भूमि मोतिहारी

जिला कृषि विभाग के सभागार में कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह के पहल पर राज्य में पहली बार अनुमंडल स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें जिला के खुदरा विक्रेताओं को स्टॉक बूक,सेल रजिस्टर के संघारण के पॉश मशीन के उपयोग और पॉश मशीन से निकले कैशमेमो के बारे में कई तरह की महत्वपूर्ण जानकारी डीएओ मनीष कुमार सिंह व अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने दी। वहीं बैठक के दौरान हीं सभी विक्रेताओं के रजिस्टर पंजी संघारण का जांच किया गया।

## नहीं रुक रहा निजी अस्पतालों में मौत का सिलसिला

चाणक्य भूमि जयनगर

» फिर गई एक महिला और बच्चे की जान परंतु आखिर जिला/अनुमंडल/चिकित्सा प्रशासन मौन क्यों है?

» आखिर क्यों नहीं होते ऐसे प्राइवेट नर्सिंग होम पर कारवाई, अगर जांच किया जाए तो कितने प्राइवेट अस्पताल बिना लाइसेंस के हो जाएंगे बंद

बीती शाम की एक घटना ने जयनगर अनुमंडल शहर के लोगों को झकझोर कर रख दिया, फिर एक सनसनी मामला सामने आया, शहर के पटना गद्दी चौक के समीप संचालित एक प्राइवेट क्लीनिक में ईलाज के दौरान एक महिला एवं नवजात शिशु की मौत होने पर परिजनों ने हंगामा किया। बताते चलें कि जयनगर अनुमंडल मुख्यालय में फर्जी संचालित क्लीनिक ने करीब दो माह के भीतर चार महिलाओं और कई अनगिनत बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

बता दें की अनुमंडल मुख्यालय जयनगर में सैकड़ों की तादाद में चल रहें नर्सिंग होम को चलाने का कोन है- जिम्मेदार? क्यों नहीं होती ऐसे झोलाछाप डॉक्टर और अस्पतालों पर जांच, शहर में धड़ल्ले चल रहें जारी अवेध नर्सिंग होम पर हो रहे जान से खिलवाड़ और जनता का लूटा जा रहा है पैसा। आखिर क्यों नहीं होते ऐसे प्राइवेट अस्पतालों पर जांच, इसका जिम्मेवार कोन?

बीती रात मृतका के परिजनों ने जो, बाबूबरही के निवासी बिक्रम साहू ने इस घटना को लेकर जयनगर थाने में एक लिखित आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से परिजनों ने बताया कि जयनगर के पटना गद्दी चौक स्थित शुभ पॉली क्लीनिक पर चार दिन पूर्व एक गर्भवती महिला को भर्ती कराया गया था, आगे बता दे की उक्त महिला की बच्चे की डिलेवरी होने वाली थी, उक्त समय में कथित चिकित्सक के लापरवाही के कारण नवजात शिशु की मौत हो गई। बाद में पता चला की उक्त महिला की हालत भी बिगड़ने लगी, जिसे आनन फानन में निजी क्लीनिक के कर्मी ने दरभंगा रेफर कर दिया, जहां उक्त महिला की मौत हो गई।

मृतक महिला का नाम वकीला देवी बताया गया, आगे बताते चलें कि उक्त मामले को लेकर या कहें जिले में लगातार चल रहें अवैध क्लीनिक या नर्सिंग होम के खिलाफ आवाज उठाने वाले बाबूबरही के समाजसेवी सह पूर्व विधायक उम्मीदवार मनोज झा ने भी इस घटना की घोर निंदा करते हुए दोषियों पर कारवाई करने की मांग की है। बता दें कि इस संदर्भ में जयनगर के थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अंकुर कुमार ने बताया है कि बाबूबरही निवासी वकीला देवी और नवजात शिशु की मृत्यु को लेकर उनके परिजन और पति विक्रम साहु ने एक निजी क्लीनिक के खिलाफ के मामले में एक आवेदन दिया गया है। फिर थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि इस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जल्द ही इस मामले कारवाई की जाएगी ।

## सिट्ठी माध्यमिक विद्यालय में पोषण सह चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

चाणक्य भूमि गौनाहा





गौनाहा आईसीडीएस कार्यालय द्वारा गुरुवार को सिट्ठी पंचायत में पोषण चौपाल का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय भोजन प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ कुमारी सुचेता ने की।

आयोजित पोषण कार्यक्रम व चौपाल में किशोरीयों, गर्भवती, धात्री को एनीमिया एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में बताया गया। माध्यमिक विद्यालय सिट्ठी में पढ़ रही किशोरियों को हाथ साफ करने की विधि भी बताई गई।आंगनवाड़ी में पढ़ रहे बच्चों एवं बच्चीयों को प्रथम एजुकेशन के कर्मियों द्वारा पोषण भी पढ़ाई भी के तहत खेल खेलाया गया। सिट्ठी पंचायत के सभी सेविकाओं के द्वारा मिलेट अनाज से बने पकवान की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। सीडीपीओ द्वारा मोटे अनाज के खाने से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका अंजुम आरा, प्रखंड समन्वयक नवीन कुमार गुप्ता, प्रथम एजुकेशन से निक्की कुमारी, नेहा कुमारी, निर्मला कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका शोभा कुमारी, सरोज देवी, पूनम देवी, शोभा देवी, रुक्मिणी देवी, लक्ष्मी देवी, किशोरी देवी उपस्थित रही ।

## परिवारिक कलह के कारण महिला ने की आत्म हत्या



चाणक्य भूमि

» मामला छतौनी थाना क्षेत्र के बंगाली कालोनी गली न0 3 का

**मोतिहारी।** छतौनी थाना क्षेत्र के बंगाली कालोनी स्थित गली न0 3 में पारिवारिक कलह के कारण एक महिला के आत्महत्या करने का सनसन्री मामला प्रकाश में आया है। मृतका उक्त मुहल्ला निवासी राकेश चक्रवर्ती की 35 बर्षीय पत्नी शाला चक्रवर्ती बतायी गयी है। घटना की सूचना मिलते ही छतौनी थानाध्यक्ष पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच स्थिति का जायका लिया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोष्पमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मामले की जांच पडताल में जूट गयी है। पुलिस के अनुसार मामला प्रथमदृष्टया आत्महत्या नही हत्या जैसा प्रतीत होता है।इस बावत जानकारी देते हुए मृतका की मां मेनका देवी देवी ने बताया कि उसकी पुत्री की शादी दो बर्ष पूर्व राकेश चक्रवर्ती के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही मृतका को उसके परिवार वालों ने हमेशा दहेज में मोटी रकम का डिमांड करता रहा और मृतका द्वारा हमेशा इसका विरोध किया जाता रहा और बार बार उसकी पिटाई किया जाता रहा। मेरे दामाद का किसी और के साथ चक्कर चल रहा था जो मेरी बेटी को जानकारी हो गई थी। इस बावत कई बार पंचायती भी हुआ बावजूद इसके परिवार वाले नही माने और आज जबरन उसे गले में फंदा डालकर उसे मौत के घाट उतार दिया है। पति घटना को कारित कर घर छोड़ा फरार हो गया है। पुलिस हत्यारे पति को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। जानकारी छतौनी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष धनंजय कुमार ने दी है।

# पीएम-आवास मिशन मोड में किये जा रहे कार्यों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

चाणक्य भूमि



**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन भवन में आवास पर्यवेक्षकों के द्वारा पीएम आवास से संबंधित मिशन मोड में किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई एवं निदेशक डीआरडीए को सरकार द्वारा दिए गए गाइडलाइन एवं समय सीमा के अंदर सभी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्य 100 दिनों में पूर्ण किया जाना है। इसमें कहीं चूक नहीं होनी चाहिए एवं सभी कार्य समय से पूर्ण होनी चाहिए।निरीक्षण के समय उपस्थित निदेशक डीआरडीए जयराम चौरसिया ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्वी चंपारण जिला को कुल 7217 आवास का लक्ष्य प्राप्त है। इससे संबंधित पत्र जिला को 5.9.2024 को प्राप्त हुआ है। निदेशक डीआरडीए ने बताया कि प्राप्त लक्ष्य के अनुसार सभी आवासों को मिशन मोड में 100 दिनों के अंदर पूर्ण कराया जाना है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में सबसे पहले प्राथमिकता सूची में शामिल लाभूकों का सत्यापन कराया जाना था। इसके पश्चात पात्र लाभुकों का आवास सॉफ्ट पर निबंधन करना है। जिला स्तर पर पात्र लाभुकों की स्वीकृति देनी है। इसके बाद प्रखंड स्तर पर ऑर्डर शीट बनाकर फंड ट्रांसफर आर्डर का निर्माण किया जाएगा, जिसका सत्यापन प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा हर हाल में 15 सितंबर के पहले कर लिया जाना है। इस प्रक्रिया में प्रत्येक कार्य के लिए विभाग द्वारा समय सीमा निर्धारित की गई है।इसी क्रम में कार्य की अधिकता एवं समय सीमा की बाध्यता को देखते हुए लाभुकों की स्वीकृति प्रदान करने के लिए आज राधाकृष्णन भवन में आवास पर्यवेक्षकों का कैंप लगाकर मिशन मोड में कार्यों को कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रखंड में भी ऑर्डर शीट जेनरेशन एवं फंड ट्रांसफर आर्डर निर्माण का कार्य चल रहा है ताकि निर्धारित अवधि में सभी कार्यों को पूर्ण कराया जा सके। इस अवसर पर जिला विकास शाखा की प्रभारी पदाधिकारी रश्मि भी उपस्थित थी।

## जिला के सभी लाइसेंसी खुदरा विक्रेताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



चाणक्य भूमि

**मोतिहारी।** कृषि विभाग के सभागार किया गया जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह के पहल पर राज्य में पहली बार अनुमंडल स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ।जिसमें जिला के खुदरा विक्रेताओं को स्टॉक बूक,सेल रजिस्टर के संघारण के पॉश मशीन के उपयोग और पॉश मशीन से निकले कैशमेमो के बारे में कई तरह की महत्वपूर्ण जानकारी डीएओ मनीष कुमार सिंह व अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सदर प्रभात कुमार ने दी।वहीं बैठक के दौरान हीं सभी विक्रेताओं के रजिस्टर पंजी संघारण का जांच किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने 10 सितंबर को चकिया और पकड़ीदयाल,11 सितंबर को मोतिहारी और अरेराज के बिक्रेता के साथ बैठक का आयोजन किया ऐम 12 सितंबर को रक्सौल और सिकरहना अनुमंडल के विक्रेताओं के साथ बैठक करेंगे ।बैठक में विभागीय नियमों का पालन करने के अलावा अलावा फ्लैक्सी बैनर और स्टॉक बोर्ड को अप टू डेट रखने के बारे में जानकारी दी गई।बतादें कि पूर्वी चंपारण जिला में लगभग 2300 लाइसेंसधारी खाद विक्रेता हैं।जिसमें से लगभग 1500 एक्टिव खाद दुकानदार हैं।वहीं लगभग 2000 बीज विक्रेता और 700 कीटनाशक दुकानदार हैं।

# ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज जेवियर बार्टलेट चोटिल, वनडे के लिए ड्वारशुइस कवर के रूप में टीम में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट साउथेम्प्टन में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में चोटिल हो गए हैं, उन्हें साइड स्ट्रेन चोट लगी है, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया को अपने यूके दौरे से एक और तेज गेंदबाज को खोने की संभावना का सामना करना पड़ रहा है। यदि, जैसा कि संभव है, बार्टलेट चोट के कारण चल रहे इंग्लैंड दौरे से बाहर होते हैं तो इससे स्पेंसर जॉनसन (साइड) और नाथन एलिस (हैमस्ट्रिंग) के साथ बाहर होने वाले वो तीसरे गेंदबाज होंगे। रिले मेरेडिथ, जिन्हें जोश हेज़लवुड की पिंडली की चोट के बाद स्कॉटलैंड श्रृंखला के लिए बुलाया गया था, एलिस के बाहर होने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैचों के लिए बरकरार रखा गया था, बार्टलेट की चोट के कारण शुक्रवार को कार्डिफ़ में होने वाले दूसरे टी-20 मैच के लिए टीम में आ सकते हैं। ऑलराउंडर आरोन हार्डी और कूपर कोनोली अन्य विकल्प हैं। न्यू साउथ वेल्स के बाएं हाथ के बेन ड्वारशुइस वनडे से पहले उड़ान भरेंगे, हालांकि वर्तमान में वह कवर प्रदान करने के लिए वहां मौजूद हैं और उन्हें आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल नहीं किया गया है। ड्वारशुइस को वनडे में कोई अनुभव नहीं है लेकिन उन्होंने तीन टी20 मैच खेले हैं। इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार चार विकेट लेने के बावजूद बार्टलेट को वनडे चरण का हिस्सा नहीं बनाया गया था। साइड की चोट के कारण उनका क्वींसलैंड के साथ घरेलू सीज़न की शुरुआत में संदेह हो सकता है, जिसमें अक्टूबर की शुरुआत में शेफ़ील्ड शील्ड शुरू होने से पहले इस महीने के अंत में मार्श कप शुरू होगा।

## अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट : ग्रेटर नोएडा में लगातार बारिश के कारण चौथे दिन का खेल भी रद्द

**एजेंसी,ग्रेटर नोएडा** । शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में लगातार बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच एकमात्र टेस्ट का चौथा दिन भी गुरुवार को रद्द कर दिया गया। अब एक भी गेंद फेंके बिना मैच रद्द होने की संभावना है, आईसीसी मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ ने निर्णय लेने से पहले शुक्रवार सुबह तक इंतजार करने का फैसला किया है। रात भर भारी बारिश होने के कारण मैदान के कुछ हिस्सों में पानी भरा रहा। कोई भी टीम आयोजन स्थल पर नहीं आई, हालांकि अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के कुछ अधिकारियों को ग्राउंड स्टाफ के साथ लंबी चर्चा करते देखा गया, जो भारी बारिश के कारण निराश दिख रहे थे। यह स्थान, जो अपने पहले टेस्ट की मेजबानी कर रहा है, सुविधाओं और बुनियादी जल निकासी की कमी के कारण जांच के दायरे में आ गया है। धूप होने के बावजूद पहले कुछ दिनों तक कोई खेल नहीं होने के कारण आलोचना झेलने के बाद, स्टेडियम के अधिकारियों और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम से कवर मंगवाए, जबकि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने सुपर सॉपर्स भेजे। एसीबी के एक अधिकारी ने एक बार फिर यहां टेस्ट मैच की मेजबानी के बोर्ड के फैसले का बचाव करते हुए कहा, 'हमने चीजों को वापस पटरी पर लाने के लिए हर संभव कोशिश की, लेकिन मौसम ने हमारी परेशानियां बढ़ा दीं।' अफगानिस्तान ने 2017 से इस स्थल पर कई टी20आई और वनडे मैचों की मेजबानी की है।

## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए चोटिल शोरफुल इस्लाम की जगह अनकैप्ड जाकर अली बांग्लादेश टीम में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने तेज गेंदबाज शोरफुल इस्लाम की जगह अनकैप्ड बल्लेबाज जाकर अली को शामिल किया है। शोरफुल इस्लाम को पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान कमर में चोट लग गई थी और वह दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। भारत के चुनौतीपूर्ण दौरे के लिए बांग्लादेश की गेंदबाजी लाइनअप में अब तस्कीन अहमद, नाहिद राणा, हसन महमूद और खालिद अहमद शामिल होंगे। हालाँकि जाकर ने अभी तक कोई टेस्ट या वनडे नहीं खेला है, लेकिन उन्होंने 2023 में एशियाई खेलों में डेब्यू करने के बाद से बांग्लादेश के लिए 17 टी20ई में भाग लिया है। उन्होंने 49 प्रथम श्रेणी मैचों में भी भाग लिया है, जिसमें 41.47 की औसत और चार शतक शामिल हैं। भारत के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर को चेन्नई में शुरू होने वाला है, जबकि दूसरा मैच 27 सितंबर को कानपुर में शुरू होगा। दोनों मैच विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र का हिस्सा हैं।



**भारत दौरे के लिए बांग्लादेश टीम** : नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), शादमान इस्लाम, जाकिर हसन, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम, शाकिब अल हसन, लिट्टन दास, मेहदी हसन मिराज, जेकर अली, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, नाहिद राणा, तैजुल इस्लाम, महमूदुल हसन जॉय, नईम हसन, खालिद अहमद।

# ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना टेनिस प्रीमियर लीग सीजन 6 में डेब्यू करने के लिए तैयार

**एजेंसी, मुंबई**



पूर्व विश्व नंबर 1 रोहन बोपन्ना दिसंबर में शुरू हो रहे टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के बहुप्रतीक्षित छठे संस्करण में हिस्सा लेंगे। बोपन्ना की इस टूर्नामेंट में पहली उपस्थिति होगी। टीपीएल ने 5 बेहद सफल सीज़न पूरे कर लिए हैं, और अब सीजन 6 भी दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार है। 44 वर्षीय बोपन्ना, जिन्होंने 2 ग्रैंड स्लैम खिताब (पुरुष युगल में 2024 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और मिश्रित युगल में 2017 में फ्रेंच ओपन) जीते हैं, ने तीन ओलंपिक खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है, वह 2016 रियो ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर रहे। बेंगलुरु के रहने वाले इस शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी के नाम विश्व नंबर 1 बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होने का रिकॉर्ड भी है, जब उन्होंने साल की शुरुआत में जनवरी के अंत में हासिल किया था। उन्होंने करियर में 25 से अधिक खिताब जीते हैं और लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा के बाद टेनिस रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले केवल चौथे भारतीय टेनिस खिलाड़ी हैं। ये चारों एकमात्र भारतीय ग्रैंड स्लैम विजेता हैं और जो इस लीग का समर्थन भी कर रहे हैं। करीब दो दशकों तक एटीपी टूर का हिस्सा रहने के बाद, बोपन्ना अब टीपीएल में टेनिस की एक नई शैली अपनाएंगे। सभी फ्रेंचाइजी सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए कुल 5 मैच खेलेंगी क्योंकि लीग का 25-पॉइंट प्रारूप टेनिस प्रशंसकों की कल्पना को आकर्षित करता है। दो फ्रेंचाइजी के बीच सभी मैचों में पुरुष एकल, महिला एकल, मिश्रित युगल और पुरुष युगल शामिल होंगे। दो फ्रेंचाइजी के बीच प्रत्येक मैच में 100 अंक दांव पर होंगे, जहां प्रत्येक श्रेणी 25 अंक की होगी। प्रत्येक टीम लीग चरण में कुल 500 अंक (100 अंक x 5 मैच) खेलेगी और अंक तालिका में शीर्ष 4 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। बोपन्ना, सुमित नागल, फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन और अर्मेनियाई एलिना अवनेस्यान जैसे खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे, जो भारत के प्रतिष्ठित क्रिकेट क्लब में शीर्ष पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। रोहन बोपन्ना ने कहा, "मैं टेनिस प्रीमियर लीग का हिस्सा बनने के लिए रोमांचित हूं, खासकर इसके अभिनव 25-पॉइंट प्रारूप के साथ।

# प्रो क्रिकेट लीग : राजस्थान किंग्स के लिए खेलेंगे आईपीएल सनसनी कामरान खान

**एजेंसी, नोएडा**

इंडियन प्रीमियर लीग के पूर्व स्टार कामरान खान प्रो क्रिकेट लीग (पीसीएल) में राजस्थान किंग्स के लिए खेलेंगे। कामरान आईपीएल में राजस्थान किंग्स और पुणे वॉरियर्स के लिए खेल चुके हैं। फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कामरान खान ने कहा, "मैं राजस्थान किंग्स में वापसी और इसमें शामिल होने से खुश हूं। कुछ समय बिताने के बाद, मैं तरोताजा हूं और अपने कौशल और जुनून को खेल में वापस लाने के लिए तैयार हूं। मैं अपने प्रशंसकों के साथ फिर से जुड़ने और मैदान पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए उत्सुक हूं।'' कामरान अपनी अद्भुत गति और स्विंग के लिए प्रसिद्ध हैं। पेशेवर क्रिकेट से थोड़े समय के ब्रेक के बाद कामरान खान अब अपनी पुनर्जीवित ऊर्जा और खेल के प्रति गहन प्रेम की बदौलत मैदान पर विजयी वापसी करने के लिए तैयार हैं। प्रो क्रिकेट लीग के कार्यकारी निदेशक गणेश शर्मा ने साझा किया, "हम प्रो क्रिकेट लीग में कामरान खान का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। कामरान की लाइनअप सिर्फ एक व्यक्तिगत वापसी नहीं है बल्कि लीग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। उनकी उपस्थिति निस्संदेह प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएगी और प्रशंसकों को उत्साहित करेगी।" राजस्थान किंग्स के मालिक गौरव सचदेवा ने कहा, "हमारा मानना है कि उनके शामिल होने से हमारी टीम के प्रदर्शन में काफी वृद्धि होगी और हमें नई जिंदगी मिलेगी। हम उन्हें प्रदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं और हम जानते हैं कि उनकी वापसी से हमारे समर्थक बहुत खुश होंगे।"



# व्यापार

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**एजेंसी, नई दिल्ली**




घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच मजबूती का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। महत्वपूर्ण बात ये रही कि बिकवाली का दबाव बनने के बावजूद शेयर बाजार लगातार हरे निशान में ही बना रहा। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.33 प्रतिशत और निफ्टी 0.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बजाज ऑटो, अडाणी पोर्ट्स, श्रीराम फाइनेंस, अपोलो हॉस्पिटल और कोटक महिंद्रा के शेयर 2.44 प्रतिशत से लेकर 1.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व और मारुति सुजुकी के शेयर 0.72 प्रतिशत से लेकर 0.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,309 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,421 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 888 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 8 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 42 शेयर हरे निशान में और 8 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 407.02 अंक उछल कर 81,930.18 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 81,986.86 अंक तक पहुंच गया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक ने 81,688.78 अंक तक गोता भी लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 268.36 अंक की मजबूती के साथ 81,791.52 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 141.20 अंक की बढ़त के साथ 25,059.65 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।

# सोने की शुद्धता के मानक और सख्त होंगे, 9 कैरेट गोल्ड की भी होगी हॉलमार्किंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्र सरकार के निर्देश पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) जल्दी ही 9 कैरेट सोने से बने आभूषणों की हॉलमार्किंग को भी अनिवार्य करने जा रहा है। सोने की कीमत में आई तेजी के कारण पिछले कुछ अरसे से देश में 9 कैरेट सोने से बने आभूषणों की मांग में भी काफी तेजी आई है। ऐसी स्थिति में इस सोने की शुद्धता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। इसी वजह से केंद्र सरकार ने 9 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी पर हॉल मार्किंग को अनिवार्य करने का फैसला लिया है। भारतीय मानक ब्यूरो ने 9 कैरेट गोल्ड से बने आभूषणों की हॉलमार्किंग के लिए मार्केट के सभी स्टेकहोल्डर्स से बातचीत शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में 9 कैरेट सोने से बने आभूषणों की शुद्धता की जांच कर ग्राहकों को उसका सर्टिफिकेट दिया जाएगा। फिलहाल देश में 24 कैरेट, 23 कैरेट, 22 कैरेट, 18 कैरेट और 14 कैरेट सोने से बनी ज्वेलरी पर हॉलमार्किंग करना अनिवार्य है। 2022 से ही हॉलमार्किंग का ये नियम पूरे देश में लागू कर दिया गया है। जानकारों का कहना है कि सोने की कीमत में आई तेजी की वजह से इन दिनों 9 कैरेट से लेकर 14 कैरेट और 18 कैरेट सोने से बनी ज्वेलरी की मांग भी काफी ज्यादा बढ़ गई है। जबकि कुछ समय पहले तक सोने की ज्वेलरी के लिए 22 कैरेट का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता था। इसकी वजह सोने की कीमत के बड़ा अंतर को भी माना जा रहा है। फिलहाल 24 कैरेट सोना घरेलू सर्राफा बाजार में 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है, जबकि 9 कैरेट सोने की कीमत 25 हजार रुपये के आसपास है। यही कारण है कि इन दिनों आभूषण की खरीद में कम शुद्धता वाले सोने की मांग ज्यादा बढ़ गई है। मांग में बढ़ोतरी होने से अब इनकी शुद्धता पर भी सवाल उठाए जाने लगे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार ने भारतीय मानक ब्यूरो को 9 कैरेट से बने आभूषण की भी हॉलमार्किंग करने का निर्देश दिया है, ताकि ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी न हो। उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार सोने की खरीद के मामले में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है। इस साल सोने की डिमांड 750 टन तक पहुंचाने की संभावना जताई जा रही है। पिछले साल की तुलना में इस साल अभी तक सोने की मांग में 1.58 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। माना जा रहा है कि कीमत में तेजी आने के बावजूद इस साल के अंत तक सोने की मांग में 2 प्रतिशत से अधिक का इजाफा हो जाएगा। ऐसी स्थिति में सोने के खरीदारों के हितों की सुरक्षा पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। यही वजह है कि 9 कैरेट तक के गहनों की हॉल मार्किंग को अनिवार्य करने पर विचार किया जा रहा है।

## कोयला मंत्रालय ने 71 कैप्टिव व वाणिज्यिक कोयला खदानों की प्रगति की समीक्षा की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोयला मंत्रालय ने 71 कैप्टिव और वाणिज्यिक कोयला खदानों की प्रगति की समीक्षा की है। ये सभी कोयला खदानें नीलामी की प्रक्रिया पूरा होने के विभिन्न चरणों में हैं। कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि बुधवार को उन खदानों की स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक हुई, जिनकी नीलामी अलग-अलग चरणों में की गई है। ये सभी कोयला खदानें प्रक्रिया पूरी होने के विभिन्न चरणों में हैं। इस बैठक की अध्यक्षता कोयला मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव और नामित प्राधिकारी रूपिंदर बरार ने की। इन खदानों की व्यापक समीक्षा में घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक के दौरान अतिरिक्त सचिव ने आवंटियों से उन कोयला ब्लॉकों को चालू करने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया, जो परिचालन के उन्नत चरणों में हैं। कोयला मंत्रालय ने कहा कि यह रणनीतिक समीक्षा भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला ब्लॉकों के संचालन में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए मंत्रालय के सक्रिय दृष्टिकोण को रेखांकित करती है। इन खदानों पर ध्यान केंद्रित करके, सरकार का लक्ष्य घरेलू संसाधनों को अधिकतम करना और कोयले के आयात पर निर्भरता को कम करना है। दरअसल कोयला मंत्रालय घरेलू कोयला उत्पादन में वृद्धि के माध्यम से भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो देश के सतत आर्थिक विकास की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करता है। उल्लेखनीय है कि 71 कोयला ब्लॉक विनियामक मंजूरी प्राप्त करने के विभिन्न चरणों में हैं। ये ब्लॉक नौ राज्यों में वितरित हैं।

## सरकार को सीआईएल और पॉवरग्रिड से मिले लाभांश किश्त के 3258 करोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पॉवरग्रिड) ने लाभांश किश्तों के रूप में 3258 करोड़ रुपये दिए हैं। इन कंपनियों में सीआईएल ने करीब 1945 करोड़ रुपये और पॉवरग्रिड ने 1313 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वित्त मंत्रालय के निवेश और लोकसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड से लाभांश किश्त के रूप में क्रमशः लगभग 1945 करोड़ रुपये और 1313 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इस तरह कुल मिलाकर सरकार को लाभांश किश्त के रूप में 3258 करोड़ रुपये मिले हैं। उल्लेखनीय है कि कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) भारत का सार्वजनिक क्षेत्र का एक प्रतिष्ठान है। यह भारत और दुनिया में भी सबसे बड़ी कोयला खनन कंपनी है, जो कोयला मंत्रालय के अधीन कार्यरत है। वहीं, पॉवरग्रिड, भारत सरकार का सार्वजनिक क्षेत्र का एक अनुसूची 'ए', 'महारत्न' उद्यम है, जिसे कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत 23 अक्टूबर 1989 को निगमित किया गया था।

## श्री तिरुपति एग्रो ट्रेडिंग का शेयर निर्गम मूल्य से 12 फीसदी उछलकर हुआ सूचीबद्ध

**एजेंसी, नई दिल्ली**




श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग लिमिटेड कंपनी के शेयर गुरुवार को अपने निर्गम मूल्य 83 रुपये के मुकाबले करीब 12 फीसदी की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ है। कंपनी ने लगभग 170 करोड़ रुपये के आईपीओ का मूल्य दायरा 78-83 रुपये प्रति शेयर किया था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर कंपनी का शेयर 92.90 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 11.92 फीसदी की उछाल को दर्शाता है। हालांकि, बाद में कारोबार के दौरान यह 17.51 फीसदी की बढ़त के साथ 97.54 रुपये पर पहुंच गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर कारोबार की शुरुआत में 8.43 फीसदी की बढ़त के साथ 90 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांकों पर सूचीबद्ध होने से पहले कंपनी के शेयर 25 रुपये के ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) के साथ कारोबार कर रहे हैं। श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को 11.9 फीसदी का प्रीमियम मिला। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 795.64 करोड़ रुपये रहा। श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग कंपनी के आईपीओ को बोली के अंतिम दिन सोमवार तक 124.74 गुना अभिदान प्राप्त हुआ था। उल्लेखनीय है कि श्री तिरुपति बालाजी एग्रो ट्रेडिंग लिमिटेड कंपनी, भारतीय घरेलू बाजार और विदेशों में लचीले इंटरमीडिएट बल्क कंटेनर (एफआईबीसी) यानी बड़े लचीले बैग और अन्य औद्योगिक पैकेजिंग उत्पाद जैसे बुने हुए बोरे, बुने हुए कपड़े और संकीर्ण कपड़े, टेप के निर्माण और बिक्री के व्यवसाय में लगी हुई है।

# पीएचसी बेतिया का औचक निरीक्षण से कर्मियों में हड़कंप

चाणक्य भूमि बेतिया



» जिलाधिकारी द्वारा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित डॉक्टर एवं कर्मियों को शोकॉज करने सहित वेतन स्थगित करने का निर्देश

जिलाधिकारी द्वारा आज बेतिया पीएचसी का औचक निरीक्षण किया गया । इस क्रम में उपस्थिति पंजी सहित अन्य संचिकाओं एवं अभिलेखों की जांच की और उन्होंने डॉक्टरों एवं कर्मियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण में कई डॉक्टर एवं कर्मी अनुपस्थित पाये गये। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अनुपस्थित डॉक्टरों एवं कर्मियों से शोकॉज किया जाय। जवाब संतोषजनक नहीं प्राप्त होने की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाय। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित डॉक्टरों एवं कर्मियों का वेतन स्थगित रखा जाय।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार एवं जिला प्रशासन मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने हेतु कृतसंकल्पित है। इस हेतु लगातार सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को विकसित किया जा रहा है। स्वास्थ्य जांच हेतु आधुनिक उपकरणों का अधिष्ठापन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार एवं जिला प्रशासन का स्पष्ट उदेश्य है कि जिलेवासियों को जिले में ही बेहतर चिकित्सीय सुविधा मुहैया करायी जाय। इस उदेश्य की पूर्ति में बाधक बनने वाले डॉक्टरों एवं कर्मियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए पीएचसी का सुव्यवस्थित संचालन करें ताकि मरीजों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर, श्री विनोद कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, श्री सुजीत कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, डॉक्टर आदि उपस्थित थे।

## महिला को गोली मारकर हत्या



चा० भूमि बगहा

बगहा के रामनगर थाना क्षेत्र के सपही पंचायत के चूड़ीहरवा गांव में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई । मृतका की पहचान सरयू राय की पत्नी सुनरपति देवी के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बगहा भेज दिया। एफएसएल टीम भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच कर रही है।

घटना के बाद पहुंचे एसडीपीओ नंद जी प्रसाद ने बताया कि पूर्व में हुए जमीनी विवाद के चलते इस हत्या को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतका के पति सरयू राय ने अपने ब्यान में कुछ लोगों का नाम लिया है। घटना में पट्टीदारों की संलिप्तता भी हो सकती है। चार साल पहले रास्ते को लेकर विवाद शुरू हुआ था, जिसे स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से सुलझा लिया गया था। एक साल पहले उनके भाई और उसकी पत्नी की बीमारी के कारण मृत्यु हो गई। इसके बाद से सरयू राय के भतीजे और उसके परिजन आरोप लगाने लगे कि मृत्तिका सुनरपति देवी ने टोना टोटका कराकर उनके मां और पिता की मौत करवाई थी।

इसी रंजिश में उनकी हत्या कर दी गई है। हत्या की इस घटना से चूड़ीहरवा गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस का कहना है कि सरयू राय के बयान के आधार पर कुछ संदिग्धों की तलाश की जा रही है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कटाव को देखने पहुंचे बाढ़ संघ्रासात्मक बल के अध्यक्ष



चा० भूमि बैरिया

» अध्यक्ष ने मौके पर उपस्थित अभियंताओं को बचाव रोधी कार्य युद्धस्तर पर करने का दिया निर्देश

बैरिया प्रखंड क्षेत्र के सूर्यपुर पंचायत अंतर्गत सिगही में हो रहे कटाव को देखने मोतिहारी बाढ संघ्रासात्मक बल के अध्यक्ष पहुंच गए उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं के टीम को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बताया कि जैसे भी हो गंडक नदी की कटाव को रोका जाए उन्होंने युद्ध स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया।












# गंडक नदी के कटाव से वीटीआर को खतरा



चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर

गंडक नदी के कटाव से ठाढ़ी वन क्षेत्र का बड़ा भूभाग गंडक में विलीन हो सकता है। कटाव बढ़ने से वन्यजीवो पर खतरा भी बढ़ सकता है। वन विभाग के सूत्रो के मुताबिक दर्जनों कीमती पेड़ों के भी नदी में बहने की आशंका है।

ठाढ़ी गांव के समीप लगभग एक किलोमीटर लम्बाई में गंडक नदी के द्वारा कटाव किया गया है। वीटीआर को स्पर्श कर बहती गंडक नदी से वन क्षेत्र के जंगल का कटाव किया गया है। नदी की धारा वाल्मीकिनगर वन क्षेत्र के ठाढी गांव के समीप पूर्व में कटाव हुआ है। वीटीआर को सबसे अधिक खतरा गंडक नदी से ही है। वहीं वन विभाग के अधिकारियो का कहना है कि कटाव रोधी कार्य नहीं कराया गया तो वन क्षेत्र का बड़ा भूभाग गंडक में विलीन हो सकता है। वन विभाग के द्वारा कटाव रोधी कार्य के लिए जल संसाधन विभाग को पत्र लिखा है।

इस बाबत गंडक बराज अंचल के अधीक्षण अभियंता नवल किशोर भारती ने बताया कि गंडक बराज के डाउन स्ट्रीम में फिलहाल जलस्राव बहुत कम है। जिससे फिलहाल कटाव की संभावना नहीं है। पूर्व में हुए कटाव स्थल का निरीक्षण सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के द्वारा किया गया हैं।

# स्वच्छता अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर होगा कार्यक्रम का आयोजन

### भीतिहरवा गांधी आश्रम में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का डीडीसी ने लिया जाएजा

चाणक्य भूमि गौनाहा



» आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी नहीं होने के कारण डीडीसी ने बीडीओ को लगाई फटकार

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गुरुवार को डीडीसी सुमित कुमार ने भीतिहरवा गांधी आश्रम पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी नहीं होने पर उन्होंने बीडीओ शिवजन्म राम को फटकार लगाई।उन्होंने बताया कि स्वच्छता अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर महात्मा गांधी की ऐतिहासिक कर्मभूमि भीतिहरवा गांधी आश्रम पर 17 सितंबर से कार्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को आश्रम में श्रमदान कर साफ सफाई की जाएगी, तत्पश्चात आश्रम परिसर के इर्द-गिर्द पौधारोपण कर प्रभात फेरी आश्रम के अगल-बगल के गांव में निकाली जाएगी। जीविका दीदी द्वारा आश्रम परिसर में स्वच्छता का स्टॉल लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

आश्रम में जगह-जगह रंगोली का निर्माण कर स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाई जाएगी। उन्होंने उपस्थित सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक विभाग अलग-अलग दिन आश्रम परिसर में कार्यक्रम आयोजित करेंगे। डीडीसी ने भीतिहरवा गांधी आश्रम के समीप स्थित थीम पार्क का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दीये। निरीक्षण कर सीधे प्रखंड कार्यालय पहुंचकर कई योजनाओं की जाँच की।

इस अवसर पर जीविका के डीपीएम आर के निखिल, डीआरडीए के डायरेक्टर अरुण प्रकाश, जिला सांस्कृतिक पदाधिकारी, एसडीओ नरकटियागंज सूर्य प्रकाश गुप्ता, बीडीओ शिवजन्म राम, सीओ विवेक कुमार सिंह, बीपीआरओ अन्नपूर्णा कुमारी, मनरेगा पीओ उमेश कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो, दिनेश यादव, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विक्रमा चौधरी, जिला बीस सूत्री सदस्य सूरज सहनी, प्रखंड प्रवक्ता नौशाद आलम आदि उपस्थित थे।

# परिवार नियोजन की जागरूकता हेतु सारथी रथ रवाना

चाणक्य भूमि मोतिहारी



» प्रभारी सीएस डॉ श्रवण पासवान ने सारथी रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बढ़ती जनसंख्या पर रोक एवं परिवार नियोजन कार्यक्रमों के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सदर अस्पताल परिसर मोतिहारी से प्रभारी सीएस सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार पासवान ने हरी झंडी दिखाकर सारथी रथ रवाना किया। इस मौके पर डॉ पासवान ने बताया कि सारथी रथ रवाना करने का उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या पर रोकथाम हेतु लोगों को महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबन्दी पर जागरूक करना है। डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में 30 सारथी रथ अगले 5 दिनों तक प्रचार-प्रसार करेंगे। डीसीएम नन्दन झा ने कहा कि आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया गया है की महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबन्दी हेतु जोर-शोर से प्रचार-प्रसार करें।

जिला स्वास्थ्य समिति के डीसीएम नंदन झा ने बताया कि जनसंख्या स्थिरीकरण हेतु आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मी योग्य दम्पतियों से सम्पर्क कर परिवार नियोजन हेतु प्रेरित करेंगी। उन्होंने बताया कि मिशन परिवार विकास अभियान के अन्तर्गत जिले में 14 सितम्बर तक दम्पति सम्पर्क पखवाड़ा और 17 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।

इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार पासवान, डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन, डीसीएम नन्दन झा, डीपीसी भारत भूषण, डैम अभिजीत भूषण, स्वास्थ्य प्रबंधक कौशल दुबे, यूनिसेफ़ से धर्मेंद्र कुमार, पीएसआई इंडिया के जिला प्रतिनिधि अमित कुमार, सी3 के आदित्य राज, सीफार के सिद्धांत कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।









# लक्ष्मीपुर के भड़भड़वा में अपशिष्ट प्रस्करण इकाई का हुआ उद्घाटन

चाणक्य भूमि मैनाटांड़



प्रखंड क्षेत्र के लक्ष्मीपुर पंचायत के भड़भड़वा गांव में अपशिष्ट प्रस्करण इकाई का उद्घाटन समारोह पूर्वक किया गया। अपशिष्ट प्रस्करण इकाई का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपक राम एवं मुखिया खुशुमतारा खातुन ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। वही मौके पर कचरा उठाव के लिए प्रत्युत्त ई रिक्शा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपक राम कहा कि स्वच्छता हम सभी के लिए आवश्यक है। इसमें आप सभी जनप्रतिनिधियों आम जनता का पूरा सहयोग होना चाहिए। बीडीओ ने कहा कि आप लोग सेवा शुल्क आवश्यक रूप से जमा करें ताकि पंचायत को स्वच्छता के कार्यों में सहयोग मिल सके।

मुखिया ने कहा कि लक्ष्मीपुर पंचायत स्वच्छता के मामले में अच्छा कार्य करे, इसमें हम सभी का पूरा सहयोग रहना चाहिए ताकि स्वच्छता के कार्यों को बेहतर किया जा सके। वही बीसी संगम कुमार ने स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर इस मौके पर पंचायत सचिव श्रीनाथ पांडे, पैक्स अध्यक्ष नेसार अहमद, मोहम्मद कैस, गौरी यादव , मोहन राम , सिकंदर पासवान , वाजूल हक आदि मौजूद रहें।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714